

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -86 जबलपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


पीएम मोदी ने की हाई लेवल मीटिंग, राजनाथ सिंह-अजीत डोभाल के साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख भी रहे मौजूद

## आतंकवाद को कुचलना हमारा राष्ट्रीय संकल्प- सेना को पूरी छूट- पीएम मोदी

नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा बैठक में कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बताया जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए सभी शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद एक अधिकारी ने बताया कि उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा बैठक में कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट है। नरेन्द्र मोदी ने कहा

### जयशंकर ने 9 घंटे में 9 देशों के विदेश मंत्रियों से बात की



कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास और भरोसा जताया। यह ऐसे समय में हुआ है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

इस बीच, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं, मामले से परिचित सूत्रों ने एएनआई को बताया। सूत्रों के अनुसार, चल रहे अभियानों की संवेदनशील प्रकृति के कारण इस स्तर पर कोई विशेष अपडेट साझा नहीं किया जा रहा है। सोमवार को, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की।

दूसरी ओर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों और दो अन्य सुरक्षा संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह बैठक जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण माहौल के बीच आयोजित की गई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर सैलानी थे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक ब्रिघु श्रीनिवासन और असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा शामिल हुए।

दूसरी ओर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों और दो अन्य सुरक्षा संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह बैठक जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण माहौल के बीच आयोजित की गई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर सैलानी थे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक ब्रिघु श्रीनिवासन और असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा शामिल हुए।

सीएम मोहन यादव कैबिनेट में पालिसी को मिली मंजूरी

## 30 दिन में होगे 60 हजार ट्रांसफर, मंत्रियों को मिला अधिकार



भोपाल (आरएनएस)। एमपी में 1 मई से 30 मई तक कर्मचारियों के तबादले हो सकेंगे। आज डॉ मोहन यादव कैबिनेट ने तबादला नीति को मंजूरी दे दी। इसमें स्वैच्छिक तबादले भी शामिल है। इसके लिए विभाग स्वयं भी पॉलिसी बना सकेंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति लेनी होगी।

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई तक ई-ऑफिस में सारे ट्रांसफर लागू होंगे। इसके बाद तबादले नहीं हो सकेंगे। मंत्री व प्रभारी मंत्रियों को भी इसका अधिकार दिया गया है। उनसे कहा गया है कि वे 30 मई से पहले सभी तबादला आदेश जारी कर दें। मंत्री ने कहा कि सरकार ने तबादलों की प्रतिशत सीमा में स्वैच्छिक तबादलों को इसलिए जोड़ा है ताकि कुल पदों के हिसाब से तबादले का प्रतिशत बना रहे। अगर स्वैच्छिक तबादलों को अलग रखा जाएगा तो कुल पदों की संख्या के प्रतिशत से यह अधिक हो जाएगा। इसलिए कैबिनेट ने तय किया है कि स्वैच्छिक तबादलों को भी पदों के आधार पर तय तबादला संख्या और प्रतिशत में जोड़ा जाएगा। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि सरकार का ग्रीन एनर्जी पर फोकस है। इसलिए एमपी व यूपी सरकार की बिजली डिमांड को ध्यान रखते हुए प्लान तैयार किया है। एमपी में बरसात में बिजली की डिमांड कम हो जाती है जबकि यूपी में बरसात के दौरान डिमांड बढ़ जाती है। कैबिनेट ने तय किया है कि तीन हजार मेगावाट का सोलर प्लांट लगाया जाएगा। एक हजार मेगावाट कंपोजिट प्लान में रहेगी जबकि 2 हजार मेगावाट यूपी को दी जा सकेगी। यह प्लांट चंबल में लगाया जाएगा।

केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) के लिए 6 अधिकारियों की कमेटी बनी है। यह कमेटी कर्मचारियों के लिए वैकल्पिक रूप पेंशन स्कीम का प्रस्ताव तैयार करेगी। इस कमेटी में अशोक बर्णवाल, मनीष रस्तोगी, लोकेश जाटव, तन्वी सुंद्रियाल, अजय कटेसरिया, जेके शर्मा इस कमेटी में शामिल हैं। कमेटी केंद्र सरकार की गाइडलाइन का अध्ययन कर रिपोर्ट देगी।

## सिंधिया समर्थक ने कांग्रेस विधायक को बताया पाकिस्तानी एजेंट, कांग्रेसियों ने की शिकायत



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी कृष्णा घाड़गे ने विवादित बयान देते हुए उन्हें %पाकिस्तानी एजेंट और चोर बताया है। यह बयान हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा के दौरान मंच से दिया गया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घाड़गे के बयान को लेकर विधायक आरिफ मसूद के समर्थक पार्षदों ने जहांगीराबाद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान समाज में नफरत फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा से दिया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %ङ्ग% (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर भोपाल पुलिस कमिश्नर से सवाल किया कि क्या विधायक आरिफ मसूद की सुरक्षा को लेकर खतरे का आकलन किया गया है? उन्होंने मांग की कि मसूद की सुरक्षा तुरंत बढ़ाई जाए और आरोपी पर कार्रवाई की जाए। कृष्णा घाड़गे ने अपने भाषण में कहा, जो पाकिस्तान के एजेंट हैं, वे इसी चौराहे पर खड़े होकर हमारी बातें सुन रहे हैं। आरिफ मसूद चोर है और उसके अनुयायियों को हम कुत्ते समझते हैं। जो हमारे धर्म का विरोध करेगा, उसे यहीं मारेंगे। घाड़गे ने पुलिस के सामने खुलेआम चुनौती दी और मंच से कहा, अब अगर किसी ने हमारी बहनों को छेड़ा तो कृष्णा घाड़गे खुद जूते मारेगा।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स अकाउंट भारत में बंद, फैला रहे थे फेख खबर

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ के आधिकारिक एक्स अकाउंट को पहलगाम में इस्लामाबाद प्रायोजित आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पर गलत सूचना और फर्जी खबरें फैलाने के लिए भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। अकाउंट तक पहुंचने का प्रयास करने पर, एक्स पर एक संदेश दिखाई देता है, जिसमें लिखा है, को कानूनी मांग के जवाब में रोक दिया गया है। यह कदम भारत द्वारा पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) खाते तक पहुंच अवरुद्ध करने और 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने

## अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा, ये लड़ाई समाप्त करें- दिग्विजय सिंह



ग्वालियर.(आरएनएस)। एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह ने कहा कि अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा. जब उनके बोलने की बारी आएगी तभी मंच पर चढ़ेगें. उन्होने कांग्रेस नेताओं से मंच की लड़ाई खत्म करने की अपील की है. वे आज ग्वालियर के फूलबाग में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे.

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने आगे कहा कि मंच की लड़ाई समाप्त करें, मैं अब कांग्रेस या किसी भी मंच पर नहीं बैठूंगा. मैं नीचे बैठ जाऊंगा. बस इतना अनुरोध है कि जब बोलने का अवसर आए, तब मुझे बुला लिया जाए. कृपया मंच की लड़ाई को समाप्त कर दीजिए. ग्वालियर में हुए कांग्रेस के इस कार्यक्रम में करीब 4 से 5 हजार नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के बीच मंच पर बैठने को लेकर विवाद हो गया, जिसपर दिग्विजय सिंह ने मंच से ही ये बातें कहीं. गौरतलब है कि कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को लेकर एक गाइडलाइन बनाई थी, जिसमें ये भी तय किया गया था कि मंच पर कोई नहीं बैठेगा. सिर्फ डायस व माइक रहेगा. जिस नेता का भाषण देने का नंबर आएगा, वहीं मंच पर जाएगा भाषण देगा और फिर नीचे आकर बैठ जाएगा. लेकिन ग्वालियर की इस रैली में इसका पालन नहीं हुआ.

जीतू पटवारी ने ज्योतिरादित्य पर लगाए आरोप-

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विधायकों को दल बदलवाकर एक चुनी हुई सरकार को गिरा दिया. उन्होंने कहा था कि वह सड़क पर उतरेंगे, क्योंकि उनका अपमान हो रहा है. उन्होंने इसे संविधान पर आघात बताया और आपके दिए हुए वोट को चुनौती दी. यदि संविधान खतरे में नहीं था, तो फिर और क्या था. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी ने कहा कि संविधान ने यह अधिकार भी ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया कि राजमाता सिंधिया जो उस समय विपक्ष की नेता थीं. उन्होंने जीवाजी कॉलेज (जूनियर सिटी) में अपनी जमीन दान की. उन्होंने माधव कन्या विद्यालय को भी अपनी जमीन दान में दी थी. लेकिन आज उसी संविधान की ताकत के बल पर ज्योतिरादित्य सिंधिया मोतीमहल की जमीन को अपने अधिकार में लेना चाहते हैं. यह ताकत भी उन्हें संविधान ने ही दी है. यह भी संविधान की ही शक्ति है कि आप गरीबों की जमीन जो सरकार की थी उसे भी छीन रहे हैं. यदि यह संविधान न होता तो मैं मानता हूं कि हमें यह संघर्ष करने व सभा करने की अनुमति भी नहीं मिलती.

## पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड निकला पूर्व पाकिस्तानी कमांडो मूसा-लश्कर ने गैर-कश्मीरियों पर हमले के लिए भेजा



पहलगाम/नई दिल्ली (आरएनएस)। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का पूर्व स्स्त्र कमांडो और मौजूदा लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी हाशिम मूसा मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। इंटेलिजेंस एजेंसियों के अनुसार मूसा को लश्कर ने खास तौर पर गैर-कश्मीरियों और सुरक्षाबलों पर हमलों के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा था।

हमले के बाद वायरल हुई संदिग्ध आतंकियों की तस्वीरों में से एक का चेहरा सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी स्केच से मेल खा गया, जो हाशिम मूसा का बताया जा रहा है। मूसा पहले भी अक्टूबर 2024 में गांदरबल के गगनगीर में हमला कर चुका है, जिसमें कई मजदूरों और एक स्थानीय डॉक्टर की मौत हुई थी। वहीं बारामूला में भी उसने हमला कर 2 जवानों और 2 पोर्टरों को निशाना बनाया था। हमले के बाद सीमा पार से तनाव और बढ़ गया है। पाकिस्तानी सेना लगातार पांचवें दिन नियंत्रण रेखा (स्ष्ष्ट) पर सीजफायर का उल्लंघन कर रही है।

**पर्यटक बोले - डर नहीं, सेना पर भरोसा है**

हालात के बावजूद डोडा के भदरवाह में टूरिस्टों की भीड़ देखने को मिली। कई पर्यटकों ने वहां तिरंगा लहराकर संदेश दिया कि कश्मीर हमारा है, और हमारी सेना यहां है, हम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हालांकि राज्य सरकार ने सतर्कता बरतते हुए 80 में से 48 टूरिस्ट डेस्टिनेशन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं, पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

### पाकिस्तान ने कश्मीर में लगातार 5वें दिन संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, बारामूला, कुपवाड़ा, अखनूर सेक्टर में बिना उकसावे के गोलीबारी की

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौते का लगातार पांचवीं रात उल्लंघन किया और इस उल्लंघन का दायरा बढ़ाते हुए सोमवार को जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर को भी निशाना बनाकर गोलीबारी की।

अधिकारियों ने सुबह बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने लगातार पांचवीं रात जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसका भारतीय सेना ने नियत और प्रभावी तरीके से जवाब दिया। पहलगाम में पिछले सप्ताह हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच गोलीबारी की गई। यह गोलीबारी कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों के सामने के इलाकों और अखनूर सेक्टर के पास हुई।

## आतंकी हमलों की खुफिया जानकारी के बाद कश्मीर में 48 पर्यटन स्थल बंद



जम्मू(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान तेज किए जाने के मद्देनजर कश्मीर में 87 में से 48 पर्यटन स्थलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों के लिए खुले 87 स्थलों में से जो अब बंद हैं, वे या तो सीधे तौर पर चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों में शामिल हैं या फिर संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित हैं।

सूत्रों के अनुसार, संचार अवरोधों ने पुष्टि की है कि पहलगाम हमले के बाद घाटी में कुछ स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं और उन्हें अभियान शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों ने आगे कहा कि लगातार मिल रही खुफिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि पहलगाम हमले के बाद घाटी में सक्रिय आतंकियों के घरों को नष्ट करने के प्रतिशोध में आतंकी लक्षित हत्याओं के साथ-साथ एक बड़े और अधिक प्रभावशाली हमले की योजना बना रहे हैं। इसके जवाब में, सुरक्षा बलों ने गुलमर्ग, सोनमर्ग और डल झील क्षेत्रों सहित संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह से एंटी-फिदायीन दस्तों को तैनात किया है। कुल मिलाकर, सुरक्षा उपायों को काफी मजबूत किया गया है। इस बीच, आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल से श्रीनगर हवाई अड्डे पर यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आनी शुरू हो गई, जिसमें 112 उड़ानों के माध्यम से 17,653 यात्री यात्रा कर रहे थे, जिनमें 6,561 आगमन और 11,092 प्रस्थान शामिल थे। अगले दिन, 24 अप्रैल को, हवाई अड्डे पर 118 उड़ानों के माध्यम से 15,836 यात्रियों की आवाजाही देखी गई, जिनमें 4,456 आगमन और 11,380 प्रस्थान शामिल थे।22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने दर्जनों लोगों पर गोलियां चलाईं, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए,

## आरएसएस संस्थापक हेडगेवार के नाम को लेकर भिड़े नेता



पलक्कड़ -(आरएनएस)। पलक्कड़ नगर निगम की परिषद की बैठक सोमवार को पूरी तरह से अराजकता में बदल गई, जब कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्यों ने विकलांगों के लिए प्रस्तावित कौशल विकास केंद्र का नाम आरएसएस के संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार के नाम पर रखने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। इस गरमागरम सत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के पार्षदों की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सदस्यों के साथ झड़प हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई, जिसमें कुछ सदस्यों को एक-दूसरे को चप्पलों से पीटते और परिषद हॉल के अंदर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाते देखा गया। हंगामे के बावजूद भाजपा प्रस्ताव पारित कराने में सफल रही, जिससे विपक्षी दलों का विरोध और बढ़ गया।

### असम में पाकिस्तान का समर्थन करने पर 27 लोग गिरफ्तार, एक विधायक भी शामिल

असम- असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत में रहकर पाकिस्तान का बचाव करने के आरोप में राज्य में अब तक कम से कम 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शर्मा ने बताया कि गिरफ्तारियों की यह संख्या सोमवार रात तक की है।

भाजपा बोली- लश्कर-ए-पाकिस्तान है कांग्रेस-आतंकियों जैसी उसकी विचारधारा

## सिरकटी फोटो पोस्ट करने पर कहा- यह राहुल के इशारे पर हुआ




नई दिल्ली-(आरएनएस)। भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस की पोस्ट पर कहा कि आतंकवादियों और कांग्रेस की सोच एक जैसी है। कांग्रेस ने एक सिरकटी फोटो पोस्ट की थी और उस पर गायब लिखा था। इसे सर्वदलीय मीटिंग से पीएम मोदी के अनुपस्थित रहने पर कांग्रेस का तंज माना जा रहा है। इस पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस और आतंकियों की सोच एक जैसी है। कांग्रेस लश्कर-ए-पाकिस्तान है। पाकिस्तान के टावर से कांग्रेस का सिग्नल मिलता है। राहुल के सिग्नल पर ऐसा हो रहा है। पाकिस्तान में वाहवाही के लिए कांग्रेस ऐसा कर रही है। इधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री से अपील की कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाए। कांग्रेस के पोस्ट पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा- कांग्रेस सिर तन से जुदा जैसी भाषा के इस्तेमाल से एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह मुस्लिम वोट बैंक को ध्यान में रखकर की गई




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना हनुमानताल मे सुबह मारपीट में घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को इंद्रपाल चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी सिंधी केम्प ने बताया कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 6 बजे वह सिंधी केम्प बाबू होटल के सामने चाय की होटल मे चाय पी रहा था तभी वहा पर टिल्लू चौधरी आकर उससे शराब पीने के लिये 50 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो टिल्लू चौधरी उसके साथ गाली गलौज करते हुये पत्थर से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी



केन्ट विधानसभा क्षेत्रों में कहीं भी न हों जल प्लावन और जलसंकट विधायक रोहाणी ने अधिकारियों को बैठक में दी कड़ी हिदायत

# केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने जलसंकट एवं जल प्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने अधिकारियों पर दिखाए तीखे तेवर

## नाला-नालियों और कंजरवेंसियों की सफाई में भी कोताही बर्दास्त नहीं - विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ग्रीष्म ऋतु एवं वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए केन्ट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को जलसंकट एवं जल प्लावन से राहत प्रदान करने के संबंध में आज अधिकारियों के साथ केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने सर्किट हाउस में बैठक की और बारी-बारी से बिन्दुवार कार्यो की जानकारी ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए तीखे तेवर के साथ हिदायत दी कि केन्ट क्षेत्र में कहीं भी जलसंकट एवं जलप्लावन न हों इस बात की चिन्ता अभी से सभी अधिकारी करें। केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि केन्ट क्षेत्र से हमारे पास जलप्लावन एवं जल संकट की शिकायत नहीं आनी चाहिए यह बात आप सभी सुनिश्चित अधिकारी करें। विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि नाला नालियों और कंजरवेंसियों की सफाई में कोताही न बरती जाये। बैठक में निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, पार्षद श्याम कनोजिया, बाबा श्रीवास्तव, अनुराग दहिया, संतोषी ठाकुर, निशांत झरिया, सावित्री शाह, कृष्णा दास चौधरी, ऋषि यादव, रजनी साहू, गुड्डा केवट, आशीष राव, पुष्पराज सिंह सेंगर, सौरभ गोयल, गोविंद यादव, डॉ कमल बिस्वास, एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 13 प्रकरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 29 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 3, अतिक्रमण की 4, स्थापना की 1, पी.एम.ए.व्हाय. की 1, स्वास्थ्य की 2 एवं 2 संभागीय स्तर से संबंधित कुल 13 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 1 मई को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में प्रारंभ हो रहा है। शिविर का उद्घाटन 1 मई को प्रातरू 6ण्30 बजे होगा। इस शिविर में विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के बच्चों के अलावा उनके आश्रित बच्चे भी भाग ले सकेंगे। शिविर में 13 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पारम्परिक खेलों के अतिरिक्त शूटिंग व एरोबिक्स की प्रशक्षिण देने की व्यवस्था की गई है।

नगर के सबसे बड़े ग्रीष्मकालीन खेल प्रशि?क्षण शिविर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने वाले इस शिविर में बालक व बालिकाओं के लिए क्रिकेटए फुटबालए हाकीए बैडमिंटनए टेबिल टेनिसए लान टेनिस ;8 से 16 वर्षद्धए वालीबाल ;10 से 16 वर्षद्धए शरीर सौष्ठव एवं फिजिकल फिटनेस ;12 से 16 वर्षद्धए स्केटिंग ;8 से 14 वर्षद्ध एवं मार्शल आर्ट ताईक्वान.डो ;16 वर्ष आयु तकद्ध का प्रशि?क्षण दिया जाएगा। कुश्ती में 8 से 16 वर्ष आयु तक के बालक वर्ग को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। शूटिंग प्रशिक्षण में 10 वर्ष से आयु से अधिक के बालक व बालिका और एरोबिक्स में 10 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाएं प्रशिक्षण ले सकेंगी। शिविर में योग का पशिक्षण देने की पृथक से व्यवस्था की गई है। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के वरिष्ठ एवं अनुभवी प्रशिक्षक अपनी सेवायें देंगे।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के इच्छुक बच्चे निर्धारित प्रपत्र पाण्डुताल मैदान के निकट मशाल परिसर स्थित केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के कार्यालय से प्रातरू 10ण्30 बजे से शाम 5ण्30 बजे तक प्राप्त कर अपनी प्रविष्टि? दे सकते हैं।

# एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में संस्कारधानी की रिया और दीपा ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर रचा इतिहास

## रिया और दीपा का संस्कारधानी में खेल संघों द्वारा आत्मीय स्वागत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। योगासन भारत के तत्वाधान में महासचिव डॉ जयदीप आर्य जी एवं अध्यक्ष श्री उदित सेठ जी के निर्देशन में इंदिरा गांधी स्टेडियम नई दिल्ली में दिनांक 25/04/2025 से 27/02/2025 तक आयोजित द्वितीय एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियन शिप का आयोजन किया गया ।मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोशिएशन के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश यादव एवम सचिव दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि उक्त चैंपियन शिप में लगभग 21 राष्ट्र की महिला पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें संस्कारधानी की रिया ने जूनियर ट्रेडीशनल और आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट में स्वर्ण पदक अर्जित किया वहीं दीपा लोधी ने हृदमिक पेयर एवं आर्टिस्टिक ग्रुप में गोल्ड मैडल प्राप्त कर रचा इतिहास साथ ही मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों में कप्तान डॉ आरती पॉल ने 2 गोल्ड, सपना पॉल ने 2 गोल्ड राज राजोले ने 2 गोल्ड,बबली खाखरे ने 1 गोल्ड,निशा 1गोल्ड प्राप्त कर भारत की झोली में कुल 12स्वर्ण पदक डाले इस तरह भारत ने 83स्वर्ण,3 रजत और 1 कांस्य पदक के साथ कुल 87स्वर्ण पदक प्राप्त कर ओवर ऑल चैंपियन शिप प्राप्त की ।रिया और दीपा के नगर आगमन पर दोनों खिलाड़ियों का जबलपुर रेलवे स्टेशन पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया इस अवसर पर पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री ओंकार मरकाम, जी ,अध्यक्ष श्री राकेश नेमा जी, महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा ,हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे जी ,डिस्ट्रिक स्पोर्ट्स ऑफिसर श्रीमती मधुमिता हजारा , जी सचिन तिवारी जी,विवेक पाठक जी,आशीष रैकवार जी श्रीमती सारिका खान जी, कोच शिवम गुप्ता जी ,देवेंद्र मिश्रा और समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

वहीं मॉडल हाई स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी जी,पूर्व प्राचार्य श्री मुकेश तिवारी ,प्राचार्य श्रीमती उपमा गुप्ता,कौशल किशोर चौबे,चंद्रशेखर स्वामी ,ज्ञानेश्वर सिंह ठाकुर,और सुषमा वर्मा द्वारा भी दोनों खिलाड़ियों का स्वागत कर उनको आशिर्वाद प्रदान किया ।

# सुलतानपुर से मुंबई के मध्य समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से सुलतानपुर जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सुलतानपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 08-08 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। सुलतानपुर जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सुलतानपुर जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन (16 सेवाएं) गाड़ी संख्या 04212 सुलतानपुर-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 05 मई से 23 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को सुलतानपुर जंक्शन स्टेशन से भोर 04꞉00 बजे प्रस्थान कर, बीना शाम 17꞉30 बजे, रानी कमलापति रात 20꞉00 बजे, इटारसी 22꞉20 बजे पहुँचकर, अगले दिन अन्य स्टेशनों से होते हुए मंगलवार दोपहर 14꞉00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। (08 ट्रिप) गाड़ी संख्या 04211 एलटीटी-सुलतानपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 06 मई से 24 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से शाम 16꞉35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 06꞉00 बजे, रानी कमलापति 07꞉45 बजे, बीना 10꞉50 बजे, पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए बुधवार रात्रि 23꞉00 बजे सुलतानपुर जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। (08 ट्रिप) ठहराव꞉- लखनऊ, कानपूर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, कल्याण एवं ठाणे। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर सकते हैं।

# अप्रैल माह में बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) की उपयोगिता का प्रतिशत भारतीय रेल में अव्वल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेलवे में रेलवे ट्रैक मेन्टेनेंस के लिए भी मॉर्डन टेक्नोलॉजी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप रेल गति एवं एक्सल लोड की क्षमता में वृद्धि हो रही है। रेल ट्रैक को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। साथ ही गुणवत्तायुक्त रखरखाव के लिए आधुनिक तकनीक की मशीनों के इस्तेमाल से संरक्षा में वृद्धि हुई है।

इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा नई आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इन नई तकनीक की आधुनिक मशीनों के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेकों प्रकार के कार्य सरलता से किये जाते हैं। इन नई तकनीक की मशीनों के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से सम्पादित किया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेल में पाँच प्रकार की टैम्पिंग मशीन को उपयोग कर रेलवे ट्रैक का रखरखाव उच्च तकनीक से किया जा रहा है। जिसमें 3ङ्ग/सीएसएम/ डब्ल्यूएसटी/एमपीटी मशीनों, बीसीएम मशीन, टी-28 मशीन (टर्नआउट रिन्युअल मशीन), यूएनआईएमएटी मशीन (टर्नआउट टैम्पिंग मशीन) एवं एफआरएम (शोल्डर ब्लास्ट क्लीनिंग मशीन) मशीन शामिल है। जिसमें 3ङ्ग, सीएसएम, डब्ल्यूएसटी एवं एमपीटी मशीनों के द्वारा मेन ट्रैक का अनुरक्षण कार्य किया जाता है। जबकि बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) से ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य किया जाता है। बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) की उपयोगिता के मामले में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में पश्चिम मध्य रेल सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में सर्वोच्च स्थान पर है। 01 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक की अवधि में बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) की उपयोगिता का प्रतिशत 78 न्न रहा जो संपूर्ण 17 क्षेत्रीय रेलों में प्रथम स्थान पर है। जबकि पूर्व रेलवे दूसरे स्थान पर एवं ईस्ट कोस्ट रेलवे तीसरे स्थान पर रही।

इसमशीनों से रेलवे में कई फायदे सिद्ध हुए हैं꞉-

* उच्च तकनीक के उपयोग से गति में वृद्धि। * कॉशन ऑर्डर कम समय के लिए लेना पड़ता है। *मेंटेनेस मे कम खर्चा लगता है। * ट्रैकों की उच्च विश्वनीयता, प्रतिधारण और संरक्षा सुनिश्चित होती है ।*उच्च गुणवत्ता के चलते कम समय में ज्यादा उत्पादन किया जा सकता है। * उच्च मानक ट्रैक मेंटेनेस के कारण जर्क रहित होने से यात्रियों के लिए सुविधाजनक है। पश्चिम मध्य रेल संरक्षा एवं सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। पमरे आधुनिककरण एवं आधुनिक मशीनों की उपयोगिता में आगे भी इसी तरह भारतीय रेलवे में अपना बेहतर प्रदर्शन जारी रखेगा।

# डॉ अरुण सरावगी का निर्विरोध निर्वाचन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।, तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के उमंग सभागार में आगामी तीन वर्ष 2025-2028 हेतु अखिल भारतीय गहोई शिक्षा प्रसार समिति के चुनाव रविवार 27 अप्रैल को चुनाव अधिकारी प्रोफेसर राजेंद्र चपरा ,विजय सुहाने एवं सन्तोष सिपौलया की उपस्थिति में संपन्न हुए ।अध्यक्ष पद पर डॉ अरुण सरावगी (रिटायर्ड अधिष्ठाता ,जवाहर-लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय ) का निर्विरोध निर्वाचन हुआ अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी अरुण खुर्द ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार लोहिया ,कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र रावत निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा कार्यकारिणी सदस्यों में श्याम चौदहा ,संतोष सुहाने ,आलोक सरावगी, शिवकुमार नीखरा (गाडरवारा ), श्रीमती सीता सरावगी ,अनुभव मातेले एवं कृष्णकांत बरसैंया भी निर्वाचित हुए ।इस अवसर पर श्रीकांत कस्तवार ,एड . उत्तम चन्द्र बिलैया , आर एन पहारिया , इंजी कमल कान्त गुप्ता बहरे ,एड.अशोक गुप्ता ,शम्भू दयाल बड़ेरिया , डॉ श्रीकृष्ण बिलैया, डॉ राधेश्याम सुहाने , राम गोपाल ददरया , के सी गुप्ता , सुरेन्द्र चौदहा ,कैलाश लहारिया , आर .के . गुप्ता ,इंजी गोपाल गुप्ता ,राकेश इटौरिया आदि ने बधाई प्रेषित की ।

निमाड़ के मुख्य लोड सेंटर के रूप में विकसित हुआ छैगांव꞉ पंपिंग सबस्टेशनों को भी मिलेगा लाभ

# एम.पी. ट्रांसको के 400 के.व्ही. सबस्टेशन छैगांव को मिलेगी

## सिंगाजी पावर प्लांट व जुलवानिया से सीधी विद्युत आपूर्ति



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने 400 के.व्ही. सबस्टेशन छैगांव को सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन और 400 के.व्ही. जुलवानिया से सीधे जोड़कर निमाड़ क्षेत्र की पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाया है। श्री तोमर ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको ने सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन से जुलवानिया जाने वाली 400 के.व्ही. ट्रांसमिशन लाइन को लाइन इन-लाइन आउट (स्न्रस्न्) तकनीक के माध्यम से छैगांव में जोड़ा है। इससे छैगांव को निमाड़ क्षेत्र के एक प्रमुख लोड सेंटर के रूप में विकसित किया जा सका है। पूर्व में छैगांव सबस्टेशन को जुलवानिया के माध्यम से ही सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन से विद्युत प्राप्त होती थी। अब सीधे जुड़ाव से विद्युत आपूर्ति में लचीलापन और मजबूती आएगी। इस नई व्यवस्था पर लगभग 10 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत आई है। ऊर्जा मंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए एम.पी. ट्रांसको को बधाई दी है। कार्यपालन अभियंता श्री हितेश तिवारी की गहन सिस्टम स्टडी से मिली सफलता छैगांव को निमाड़ क्षेत्र का मुख्य लोड सेंटर बनाने में एम.पी. ट्रांसको मुख्यालय, जबलपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री हितेश तिवारी की ट्रांसमिशन सिस्टम पर की गई गहन अध्ययन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल ट्रांसमिशन सिस्टम स्टडी की, बल्कि योजना -निर्माण व लागत आंकलन (एस्टिमेट) तैयार करने में भी सक्रिय योगदान दिया। उनके प्रयासों से यह परियोजना सफल हो सकी। श्री हितेश तिवारी ने बताया कि सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन से सीधे विद्युत आपूर्ति मिलने से निमाड़ क्षेत्र के 220 के.व्ही. सबस्टेशन निमरानी, नेपानगर तथा 132 के.व्ही. के छैगांव माखन, मूंदी, खंडवा, खरगोन, अन्दड, सिंगोट, बड़वाह, सनावद, पंधाना, भीकमगांव, झिरनिया एवं लिफ्ट एरिगेशन फीडर डोंगरगांव से जुड़े उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही छैगांव सबस्टेशन को वैकल्पिक 400 के.व्ही. आपूर्ति भी उपलब्ध होगी, जिससे आपूर्ति और अधिक स्थिर और विश्वसनीय होगी।

# अधीक्षण अभियंता जसवंत सिंह पसरीचा को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभि?यंता सिविल जसवंत सिंह पसरीचा को 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि श्री पसरीचा ने कंपनी के पावर मैनेजमेंट कार्यालय में महाप्रबंधक पद पर कार्य करते हुए शार्ट टर्म पावर परचेस व पावर बैंकिंग संबंधी कार्य करने में उल्लेखनीय योगदान दिया। सेवानिवृत्त अधीक्षण अभि?यंता जसवंत सिंह पसरीचा को मुख्य महाप्रबंधक रेग्युलटरी एफके मेश्राम व अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश कुमार अग्रवाल ने शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य महाप्रबंधक एफके मेश्राम ने कहा कि जसवंत सिंह पचरीसा ने 40 वर्षों की सेवा के दौरान विद्युत मण्डल व पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यों में अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि जसवंत सिंह पसरीचा की एक कर्त्तव्यपरायण व जिम्मेदार अभियंता के रूप में विशिष्टि पहचान थी। मुख्य महाप्रबंधक पावर मैनेजमेंट पीके जैन ने कहा कि जसवंत सिंह पसरीचा पावर मैनजमेंट कार्यालय के आधार स्तम्भ थे। उनके द्वारा निष्पादित किए गए कार्य सराहनीय रहे हैं। सेवानिवृत्त हो रहे जसवंत सिंह पसरीचा ने कहा कि 40 वर्षों की सेवाकाल के दौरान उन्हें सीखने के बहुत मौके मिले और जो भी कार्य उन्होंने सफलता से क्रियान्वित किए उसमें उन्हें वरिष्ठ व अधीनस्थ अभियंताओं व कार्मिकों का भरपूर सहयोग मिला।

विदाई कार्यक्रम में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी शिशिर तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक संजीव खरे, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग तिवारी, अतिरिक्त निदेशक सतीश दिघे, महाप्रबंधक निशांत सिसोदिया, अनिंद्य खरे, आलोक दास, अनंत पसारकर श्रीकांत बड़कामकर, अजस्त्र गुप्ता, रवीन्द्र कुमार खरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



भोपाल -ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि पश्चिम मप्र यानि मालवा निमाड़ में सूरज की किरणों से बिजली उत्पादन करने वालों की संख्या में सतत बढ़ोत्तरी हो रही है। अप्रैल के चौथे सप्ताह तक कुल 29000 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि सौर ऊर्जा के माध्यम से मौजूदा बिजली उपभोक्ता बिजली उत्पादन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से 14100 उपभोक्ता जुड़े हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सौर ऊर्जा को लेकर मालवा और निमाड़ के बिजली उपभोक्ताओं में व्यापक उत्साह बना हुआ हैं।

# भोपाल, इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया से जुड़ी सभी आवश्यक कार्यवाही समय-सीमा में हो पूरी- मुख्यमंत्री डॉ.यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए प्रस्तावित भोपाल-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के विकास से संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए और इन क्षेत्रों में आर्थिक विकास की संभावनाओं के मद्देनजर कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि दोनों मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में सुगम यातायात व्यवस्था के लिये विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए योजना से जुड़ी समस्त एजेंसियां समन्वित रूप से कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन एरिया गठन के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री श्री करणसिंह वर्मा, राज्य मंत्री नगरीय विकास श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में भूमि का नियोजित रूप से विकास सुनिश्चित किया जाए। क्षेत्र में औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए निवेशकों को अभी से प्रोत्साहित करें। इन क्षेत्रों में भविष्य को देखते हुए इकॉनामिक कॉरिडोर, सड़क परिवहन के साथ रेल परिवहन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इससे जुड़ी सभी कार्यवाही निश्चित समय- सीमा में पूरी की जाएं।

दो मेट्रोपॉलिटन एरिया देवास-सीहोर जिलों में परस्पर भी जुड़ेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में एक साथ दो महानगरीय क्षेत्रों के गठन की पहल से इन्दौर और भोपाल के मध्य स्थित इलाकों के समग्र विकास में सहयोग मिलेगा। दोनों मेट्रोपॉलिटन एरिया परस्पर जुड़ने से प्रदेश का एक विशाल क्षेत्र समन्वित और एकीकृत विकास का उदाहरण बनेगा। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को भी क्रियान्वयन में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी दोनों महानगरीय क्षेत्रों के लिए जनप्रतिनिधियों से चर्चा के सत्र सम्पन्न हुए हैं।

बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इन क्षेत्रों के विकास में अपनी विरासत को संरक्षित रखने और पर्यावरण की दृष्टि से ग्रीन बेल्ट पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि इंदौर -भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनने से इकॉनामिक कारिडोर के विजन को पूरा किया जा सकेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में हमें सेमी-अर्बन क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं पर प्रारंभिक रूप से प्लानिंग करनी होगी।

अपर मुख्य सचिव श्री संजय शुक्ल ने प्रजेंटेशन द्वारा बताया कि पहला मेट्रोपॉलिटन एरिया इंदौर, उज्जैन, देवास, धार को मिलाकर बनाया जा रहा है। दूसरा मेट्रोपॉलिटन एरिया भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे संबंधित आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आगामी विधान सभा सत्र से पूर्व तैयारी पूरी की जाएगी।

### सरोजिनी नायडू महाविद्यालय भोपाल में विवाह एवं परिवार परामर्श केन्द्र का शुभारम्भ

## पारिवारिक मूल्यों के सांस्कृतिक संवर्धन में, यह केंद्र बनेगा आदर्श एवं अभिप्रेरक- उच्च शिक्षा मंत्री परमार

भोपाल (आरएनएस) उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में विवाह एवं परिवार परामर्श केन्द्र की स्थापना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। श्री परमार ने कहा कि महाविद्यालय का यह अभिनव प्रयास, भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेगा और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अभिप्रेरणा का आदर्श केंद्र बनेगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि परिवार, राष्ट्र की प्रथम इकाई है, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र का मौलिक सृजन होता है। राष्ट्र के सांस्कृतिक सृजन में, पारिवारिक मूल्यों एवं मौलिक संस्कारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विवाह संस्कार, सनातन के 16 संस्कारों में से एक महत्वपूर्ण संस्कार है। विवाह संस्कार के पालन एवं कुटुम्ब में सौहार्दपूर्ण समन्वय, वर्तमान परिदृश्य की आवश्यकता भी है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह केंद्र, पारिवारिक मूल्यों के सांस्कृतिक संवर्धन एवं संरक्षण में अपनी महती उपयोगिता सिद्ध करेगा। भोपाल स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या



स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में, सोमवार को जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष डॉ. भारती कुंभारे सातनकर एवं प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव ने विवाह एवं परिवार परामर्श केन्द्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्राएं उपस्थित थीं। प्रकोष्ठ के माध्यम से अनुभवी मनोवैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों एवं मध्यस्थता करने वाले व्यवसायिक परामर्शदाताओं की परामर्श एवं काउन्सलिंग छात्राओं को उपलब्ध करायी जाएगी। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. आलोक कुमार निगम एवं सह संयोजक डॉ. संजना शर्मा हैं। विवाह एवं परिवार के संदर्भ में छात्राओं के मध्य परामर्श सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, केन्द्र की स्थापना करने वाला यह महाविद्यालय, प्रदेश का प्रथम शासकीय महाविद्यालय है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान परिदृश्य में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण विवाह एवं परिवार संस्थाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जहाँ एक ओर नारी सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही है, वहीं उसे पारिवारिक समायोजन में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में विवाह और परिवार जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और ये बिखरती जा रही है। विवाह और परिवार जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के विषय में महाविद्यालय की छात्राओं में जागरूकता लाने एवं नकारात्मक विचारों को हटाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के समाजशास्त्र, समाजकार्य विभाग तथा मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विवाह एवं परिवार परामर्श केन्द्र की स्थापना का अभिनव प्रयास किया गया है। परिवार में सौहार्द्रता वृद्धि और मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से, छात्राओं को बौद्धिक एवं मानसिक रूप से प्रबल करना इस प्रकल्प का ध्येय है। पारिवारिक सम्बन्धों को मजबूत करना, विवाह संबंधों को सुधारना, व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विकास, सामाजिक एवं भावनात्मक समर्थन जैसे विविध मूल्य आधारित लक्ष्यों के साथ; यह केंद्र छात्राओं को जीवन में आने वाली चुनौतियों से सामना करने में सक्षम बनाने में सहयोगी बनेगा।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल के आश्वासन पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की हड़ताल हुई समाप्त



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ हुई चर्चा के बाद उप मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी गयी है। स्वास्थ्य संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल की समाप्ति के संबंध में उप मुख्यमंत्री को पत्र भी सौंपा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 22 अप्रैल 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अप्रेजल, स्वास्थ्य बीमा, ईपीएफ, समकक्षता निर्धारण, ग्रेज्युटी, अर्जित एवं मेडिकल अवकाश तथा अन्य मांगों पर यथोचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के आश्वासन पर सहर्ष हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ श्री कुलदीप सिंह गुर्जर सहित संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सर्वोदय और जन-सहयोग समिति के वास्तविक सदस्यों के हितों की होगी रक्षा

भोपाल-(आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने सर्वोदय और जन-सहयोग समिति के वास्तविक सदस्यों को आश्वस्त किया कि उन्हें भू-माफियाओं से डरने की आवश्यकता नहीं है। उनके हितों की पूरी-पूरी सुरक्षा की जायेगी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने सहकारिता, नगर निगम और टी.एण्ड.सी.पी. के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर सोमवार को निवास कार्यालय पर जन-सहयोग और सर्वोदय समिति के सदस्यों के साथ उनकी समस्या पर चर्चा कर रही थी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर को खजूरी कला, भेल स्थित सर्वोदय और जन-सहयोग समिति के सदस्यों ने समस्या से अवगत कराया। सदस्यों ने बताया कि वर्ष 1980 के दशक में पहली बार बनी सर्वोदय समिति में उनके द्वारा लिए गये भूखण्ड का विकास शुल्क दिया गया था। इसके बाद जन-सहयोग समिति ने विकास शुल्क लिया और अब एक अन्य भू-माफिया द्वारा उनके भूखण्डों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। भू-माफिया द्वारा कॉलोनी में पार्क और अन्य कार्यों के लिए सुरक्षित भूमि को भूखण्डों के रूप में परिवर्तित कर हेरा-फेरी की जा रही है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने समिति के सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा विकास अनुमति नहीं दिये जाने के बावजूद जन-सहयोग एवं सर्वोदय समिति में कोई व्यक्ति रोड एवं नाली का निर्माण कैसे कर सकता है।

### ओंकारेश्वर में गूंजा अद्वैत और एकात्मता का स्वर नर्मदा तट पर एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ

## एकात्म धाम प्रकल्प के लिए संकल्पित हैं राज्य सरकार-राज्य मंत्री लोधी

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एकात्म धाम प्रकल्प के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। आगामी वर्षों में एकात्म धाम का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। यह बात संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने ओंकारेश्वर में एकात्म पर्व के भव्य शुभारंभ अवसर पर कही। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि पहले चरण में जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। दूसरे चरण में जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर आधारित संग्रहालय और अद्वैत लोक का निर्माण कार्य किया जाएगा। तीसरे चरण में अद्वैत वेदांत दर्शन के अध्ययन, शोध एवं विस्तार के लिए आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना की जाएगी। यह अद्वैत वेदांत संस्थान का संदर्भ केंद्र होगा और अंतिम चरण में शंकर निलायम आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा। राज्य मंत्री श्री लोधी ने जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के पावन चरणों में और पुण्यभूमि ओंकारेश्वर को नमन किया।



ओंकारेश्वर में माँ नर्मदा के पवित्र तट पर आज 5 दिवसीय एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक अनुष्ठान और कलश यात्रा से हुई, जो पारंपरिक वाद्य यंत्रों और संकीर्तन के साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और गुफा मंदिर के दर्शन के लिए पहुंची और फिर अभय घाट पर संपन्न हुई। यात्रा के समापन के बाद मांधाता पर्वत स्थित एकात्म धाम में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

समग्र दिवस में अनेक संतों का दिव्य संगम रहा, जिनमें स्वामी विवेकानंद पुरी, माँ पूर्णप्रज्ञा, स्वामी वेदत्वानंद पुरी, स्वामी योग प्रताप सरस्वती, स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती, स्वामी शैलेंद्र सरस्वती प्रमुख रहे। अद्वैतामृतम् सत्र की श्रृंखला में 'ओंकार' विषय पर माँ पूर्णप्रज्ञा ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि दार्शनिक सत्य की प्राप्ति के लिए गुरु की शरण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आदि शंकराचार्य ने सुदूर दक्षिण से ओंकार पर्वत तक की कठिन यात्रा की थी। माँ पूर्णप्रज्ञा ने आगे बताया कि चित्त की आसक्ति से निवृत्ति के बिना वैराग्य संभव नहीं है। आत्मा प्रत्यक्ष है और ब्रह्म परोक्ष प्रतीत होता है, लेकिन वास्तव में आत्मा ही चैतन्य स्वरूप है — यही अद्वैत वेदांत का सार है। अद्वैत का अर्थ किसी मत का तिरस्कार नहीं, बल्कि वैचारिक मतभेदों का शमन है। कार का अर्थ प्रत्येक जीव में अभिन्यता और सभी आकृतियों का परिष्कार है। मांडूक्य उपनिषद में इस गूढ़ रहस्य का सुंदर वर्णन मिलता है। ?कार में लीन होकर ही प्रणव अवस्था प्राप्त की जा सकती है, क्योंकि एक व्यक्ति के चित्त की शांति सम्पूर्ण ब्रह्मांड को प्रभावित करती है।

## कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का हर 5 साल में दोगुना उत्पादन करने का है लक्ष्य-राज्यमंत्री जायसवाल

भोपाल-(आरएनएस) कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विभाग का प्रत्येक 5 वर्ष में उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही विकसित भारत ञ्च 2047 तक इसे 16 गुना किए जाने का लक्ष्य है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग लक्ष्य प्राप्त करने के लिए लोगों को प्रशिक्षण, नवीन उपकरणों का प्रदाय, नवीन इकाइयों एवं स्टार्ट-अप्स का संरक्षण एवं साधन उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। राज्य के सकल घरेलू उत्पादन में विभाग का 135.37 करोड़ रुपए का योगदान है, जिसे वर्ष-2047 तक 2165.92 करोड़ किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्पादन में वृद्धि के लिए नवीन इकाइयों का पंजीयन, नवीन विधाओं में प्रशिक्षण, निर्यात, नवीन डिजाइनों एवं रंगों का समावेश, उन्नत उपकरणों का प्रदाय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विक्रय प्रदर्शनियों का आयोजन एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नवीन विक्रय केंदो की स्थापना का सुझाव रखा गया है। विभाग प्रदेश के सेमी अर्बन एवं ग्रामीण क्षेत्र के आधिकाधिक युवाओं की नवीन इकाइयों का पंजीयन, नवीन स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन, हाथकरघा एवं औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न विधाओं में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण, सम्मानजनक रोजगार के लिए मूलभूत आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध करा रहा है।

### एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौध-रोपण

## 2 मई को सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में %लाड़ली लक्ष्मी उत्सव% जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और %अपराजिता% कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा। साथ ही लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

## किसानों को आर्थिक रूप से समृद्धि करने सरकार प्रतिबद्ध -मंत्री राजपूत

भोपाल-(आरएनएस) किसानों की आर्थिक उन्नति और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी, किसानों के नवाचार का सम्मान और मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ सागर में दो दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला का शुभारंभ हुआ। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने मेले का उद्घाटन कर किसानों से संवाद किया। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक शैलेंद्र जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल हुए।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अब तक समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए गए अनाज का 118 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।



शेष भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। किसानों को बारदाने की कमी न हो, इसके लिए विशेष पहल करते हुए सागर जिले के लिए दो स्पेशल ट्रेनें भेजी जा रही हैं। इससे उपार्जन में आ रही परेशानियों का समाधान होगा।

मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से अपील की कि वे खेतों में नरवाई जलाने की प्रथा को बंद करें। इससे भूमि की उर्वरकता खत्म होती है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने किसानों को सुपरसीडर और हैप्पीसीडर जैसे यंत्रों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, जो नरवाई को भूसे में बदलकर खेत में मिलाते हैं। मंत्री स्वयं प्रदर्शनी में इन यंत्रों पर बैठे और किसानों से इन तकनीकों को अपनाने की अपील की। मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे पूर्वज मोटे अनाज का सेवन कर स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जीते थे। उन्होंने किसानों से मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने का आग्रह किया। मंत्री श्री राजपूत ने सागर जिले के नवाचारशील किसान श्री आकाश चौरसिया और श्री आनंद जैन का उदाहरण देते हुए किसानों से अपील की कि वे इनके फॉर्म हाउस का अवलोकन करें और आधुनिक तथा प्राकृतिक खेती की तकनीकें सीखें। इस अवसर पर कई उन्नत किसानों को प्रमाण-पत्र, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सागर जिले में आयोजित मिलेट्स फूड फेस्टिवल और कृषि मेले ने यह संदेश दिया कि सरकार किसानों की समृद्धि के लिए न केवल नीतियाँ बना रही है,



सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## सभी की नजर बिहार पर

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे करीब आ रही हैं, वहां के विभिन्न जाति समूह, हित समूह अपनी शक्तियों का अधिकतम उपयोग करने के लिए अपने को फिर से स्थापित करने लगे हैं। 2024 के लोक सभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को जो खरोंच लगी थी, उसकी भरपाई हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव में हो गई। अब सभी की नजर बिहार पर है जहां इस वर्ष विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। भाजपा एनडीए का प्रमुख घटक दल है। बिहार में वह पिछले दो दशकों से जनता दल (यू) की जूनियर पार्टनर के रूप में काम करती रही है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार वह ड्राइविंग सीट पर रहना चाहती है। भले ही चुनाव आयोग ने अभी बिहार में चुनाव की घोषणा नहीं की है, लेकिन राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। दिल्ली में महागठबंधन के घटक दल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेताओं की मुलाकात हुई। उधर, पिछले महीने गृह मंत्री अमित शाह का दो दिवसीय बिहार दौरा हुआ था। इस महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार जाने वाले हैं। राजनीतिक दलों और गठबंधनों की सक्रियता के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पारस) एनडीए से अलग हो गई। इस राजनीतिक घटनाक्रम का बिहार विधानसभा चुनाव पर क्या असर पड़ेगा अभी कहना मुश्किल है, लेकिन इतना कयास अवश्य लगाया जा रहा है कि बिहार की राजनीति में यह लहरें पैदा कर सकता है। लोगों को याद होगा कि राम विलास पासवान के निधन के बाद उनके भाई पशुपति पारस ने शतरंज की ऐसी बिसात बिछाई थी जिसमें चिराग पासवान उलझ गए थे।

## जब द्विराष्ट्र सिद्धांत पर पाकिस्तान अटल, तो भारत ढुलमुल क्यों और कबतक हिन्दू चुकाएंगे इसकी कीमत!

जब द्विराष्ट्र सिद्धांत पर 1947 में भारत विभाजन अधिनियम द्वारा भारत से पाकिस्तान को दो हिस्सों में अलग कर दिया गया, तब भारत के सुप्रीम कोर्ट ने इसका विरोध क्यों नहीं किया, यक्ष प्रश्न है! वहीं, जब भारत के तत्कालीन क्षुद्र राजनेताओं ने हिन्दू राष्ट्र की जगह धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र का गठन किया, तब भी सुप्रीम कोर्ट ने इस सवाल क्यों नहीं उठाया, यह दूसरा ज्वलंत प्रश्न है।.....और आज जब भारत में मुसलमानों द्वारा पुन: हिंदुओं को जगह-जगह प्रताड़ित किया जा रहा है, लक्षित सांप्रदायिक दंगे किये जा रहे हैं जिससे 1947 के पूर्व की विभाजनकारी परिस्थितियों की यादें तरोताजा हो जाती हैं और भारत के राजनेता इस पर अपनी-अपनी सियासी रोटियां सेंक रहे हैं, जिससे भारतीय प्रशासन भी किंकर्तव्यविमूढ़ बना रहता है, तो ऐसे में सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान नहीं लेकर न्यायपूर्ण दिशा निर्देश क्यों नहीं दे रहा है, यह तीसरा सुलगता हुआ सवाल है।

दरअसल, यह बात मैं इसलिए उठा रहा हूँ कि सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया है कि भारत के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को भारतीय संसद भी नहीं बदल सकती है। क्योंकि भारतीय संविधान की यही मूल भावना है। लेकिन जब हमारी तत्कालीन संसद ने मूर्खतापूर्ण निर्णय लिए, और उसी ने भारतीय संविधान में भी %हिन्दू विरोधी कानून% जड़ दिए, तब इसमें तल्ख इतिहास और सुलगते हुए वर्तमान के दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट से न्यायसंगत और दूरदर्शिता पूर्ण हस्तक्षेप की उम्मीद नहीं की जाए तो फिर किससे की जाए, यह भी एक यक्ष प्रश्न है। ऐसा इसलिए कि हमारी संसद में हिन्दू नहीं बल्कि दलित, ओबीसी, सवर्ण और अल्पसंख्यक नेता बैठे हैं। पिछले लगभग 8 दशकों के इनके फैसलों से यह जाहिर हो रहा है कि %हिन्दू भारत% के अस्तित्व को खास धर्म के आधार पर पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश, चीन आदि देशों के द्वारा वैमनस्यता पूर्ण चुनौती दी जा रही है, कभी आतंकवाद, कभी नक्सलवाद, कभी संगठित अपराध और तस्करी के माध्यम से भारतीयों को अशांत बनाया जा रहा है, लेकिन इन सबके खिलाफ इनके ठोस नीतिगत निर्णय कभी नहीं आए, जिससे हिंदुओं का भविष्य अपने ही देश में अधर में लटक चुका है। लिहाजा भारतीय कार्यपालिका की विफलता के बाद सर्वोच्च न्यायपालिका से स्वत: संज्ञान लेकर स्थिति को बदलने की अपेक्षा यदि नहीं की जाए, तो फिर किससे की जाए, सुलगता हुआ सवाल है।

वह भी तब, जब पाकिस्तानी जनरल और नेता बात-बात में कौम की बात करके भारत के मुसलमानों को भड़काने की कोशिश करते आए हों। वहीं भारत के कतिपय मुसलमान भी खुलेआम पाकिस्तानियों, बंगलादेशियों और आतंकियों के यशोगान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की शह पर कर रहे हों, जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है। ऐसे में इन देशद्रोहियों के खिलाफ स्पष्ट कानून का अभाव भी हिंदुओं को खटकता रहता है। देश में बढ़ती आतंकवादी घटनाएं, नक्सली घटनाएं और अंडरवर्ल्ड के संगठित अपराध और तस्करी की घटनाएं हिंदुओं की इस चिंता को और भी इसलिए बढ़ाती हैं, क्योंकि इन सबकी कमान पाकिस्तान में बैठे अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम जैसे खूंखार लोगों के हाथों में है। पुलवामा के बाद पहलगाम आतंकी हिंसा की कहानी बिना कुछ कहे सब कुछ बता जाती है।

दरअसल, पाकिस्तान के स्वप्नद्रष्टा और निर्माता कायदे आजम मुहम्मद अली जिन्ना का %द्विराष्ट्र सिद्धांत% यह था कि भारतीय मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, जिनके अलग-अलग धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज और जीवन शैली हैं। यह सिद्धांत 1940 में मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना द्वारा प्रस्तुत किया गया था, और इसे ही भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण का आधार बनाया गया। क्योंकि द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत की अवधारणा के अनुसार, हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र हैं और उन्हें अलग-अलग देशों में रहने की आवश्यकता है। तब जिन्ना ने तर्क दिया कि भारत में मुसलमानों को हिंदुओं के साथ मिलकर रहने में कठिनाई होगी, क्योंकि उनके धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों में बहुत अंतर है।

उल्लेखनीय है कि द्विराष्ट्र सिद्धांत का उदय 1930 के दशक में हुआ, जब भारत में मुस्लिम लीग ने एक अलग मुस्लिम राष्ट्र की मांग करना शुरू कर दिया। तब जिन्ना और मुस्लिम लीग के अन्य नेताओं ने तर्क दिया कि भारत में मुसलमानों को हिंदुओं के साथ मिलकर एक राष्ट्र में रहने में कठिनाई होगी क्योंकि वे दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। लिहाजा, द्विराष्ट्र सिद्धांत ने भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1947 में, भारत को दो देशों में विभाजित किया गया, जिसे आज भारत और पाकिस्तान कहा जाता है। तब पाकिस्तान एक ऐसा देश था जो विशेष रूप से मुसलमानों के लिए बनाया गया था।

हालांकि, द्विराष्ट्र सिद्धांत की आलोचना की गई है, क्योंकि कुछ लोगों का मानना है कि यह धार्मिक विभाजन का एक साधन था जो भारत के विभाजन का कारण बना। कुछ लोगों का मानना है कि द्विराष्ट्र सिद्धांत ने भारत में धार्मिक तनाव और संघर्ष को भी बढ़ावा दिया।

## रोहिणी नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग, शोभन योग और रवि योग में मनाई जायेगी अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है। इस दिन परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। इसे अक्षय तृतीया और आखा तीज कहते हैं। अक्षय यानी जिसका कभी क्षय नहीं होता है। इस तिथि पर किए गए शुभ कामों से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता है। ग्रंथों के मुताबिक इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। इस दिन किया गया जप, तप, ज्ञान, स्नान, दान, होम आदि अक्षय रहते हैं। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया 30 अप्रैल को है। इसे अक्षय तृतीया और आखा तीज कहा जाता है। हर वर्ष वैशाख शुक्ल की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाले अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र का संयोग है। इस साल अक्षय तृतीया पर बेहद ही शुभ संयोग बनने जा रहा है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ शोभन और रवि योग का संयोग बन रहा है। अक्षय तृतीया पर सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे दिन रहेगा। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण राज योग का निर्माण हो रहा है। मान्यताओं के अनुसार इस योग में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा करने और सोना खरीदने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस दिन किए गए व्रत-उपवास और दान-पुण्य से अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य जिसका कभी क्षय (नष्ट) नहीं होता है। अक्षय तृतीया पर जल का दान जरूर करना चाहिए। साल में चार अबूझ मुहूर्त आते हैं। इन मुहूर्त में विवाह आदि सभी मांगलिक कार्य बिना शुभ मुहूर्त देखे किए जा सकते हैं। ये चार अबूझ मुहूर्त हैं- अक्षय तृतीया, देवउठनी एकादशी, वसंत पंचमी और भड़ली नवमी। ये चारों तिथियां किसी भी शुभ काम की शुरुआत करने के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी गई हैं। शुभ संयोग और ग्रहों की विशेष स्थिति में अक्षय तृतीया पर दान करने से पुण्य की प्राप्ति होगी।

## न्यायिक नियुक्ति आयोग के खात्मे का दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बनें तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है।

## परशुराम जन्मोत्सव व्रत होता है फलदायी

आज परशुराम जन्मोत्सव है, परशुराम जन्मोत्सव का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। भगवान परशुराम का अवतार प्रदोष काल में हुआ है। परशुराम जन्मोत्सव, भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाने वाले परशुराम के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, तो आइए हम आपको परशुराम जन्मोत्सव व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। पंडितों के अनुसार भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और यह भगवान शिव के परम भक्त माने जाते है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल परशुराम जयंती वैशाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाई जाती है। भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था उन्हें चिरंजीवी भी माना गया है। इसी दिन अक्षय तृतीया का त्योहार भी मनाया है। इस बार परशुराम जन्मोत्सव 29 अप्रैल को मनाई जाएगा। शास्त्रों में परशुराम जन्मोत्सव के बारे में एक कथा प्रचलित है इस कथा के अनुसार परशुराम अत्यन्त क्रोधी थे। इनके क्रोध से भगवान गणेश भी नहीं बच पाये थे। परशुराम ने अपने फरसे से वार कर भगवान गणेश के एक दांत को तोड़ दिया था जिसके कारण से भगवान गणेश एकदंत कहलाए जाते हैं। मत्स्य पुराण के अनुसार इस दिन जो कुछ दान किया जाता है वह अक्षय रहता है यानी इस दिन किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता

## मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा

गिरीश पाण्डे

भारत का विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा है। इसकी स्थिति में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक-2021 में भारत ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि चीन पहले स्थान पर रहा।

इस रैंकिंग से पता चलता है कि अमेरिका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र की तुलना में मैन्युफैक्चर्स भारत को पसंद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह इंडेक्स यूरोप, अमेरिका तथा एशिया-पैसेफिक (एपीएसी) के 47 देशों में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग के लिए आकषर्क या प्रॉफिटेबल डेस्टिनेशन की रैंकिंग करता है।

वर्तमान में विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 17त्न और 27.3 मिलियन से अधिक श्रमिकों के साथ देश की आर्थिक वृद्धि में अभिन्न स्तंभ के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एनएमपी) के अनुसार, भारत का लक्ष्य 2025 तक अर्थव्यवस्था के उत्पादन का 25त्न विनिर्माण से प्राप्त करना है। भारत में 2030 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के सामान निर्यात करने की क्षमता है, और इस प्रकार यह प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की राह पर है। 'मेक इन इंडिया', 'प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना', और 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना' जैसी नीतियों ने विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त किया है।

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अन्य बहुत-सी योजनाएं भी बनाई हैं। इस क्षेत्र में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कई विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) भी स्थापित किए हैं। घरेलू विनिर्माण ईकोसिस्टम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग महत्त्वपूर्ण है, इसके लोकलाइजेशन के लिए नये सिरे से स्कीम बनाई जा रही है। इससे चीनी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में स्थानीय निर्माताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में संभावित रूप से सुधार करने में मदद मिलेगी। ग्लोबलाइज्ड सप्लाई चेन और बढ़े हुए भू-राजनीतिक जोखिमों की दुनिया में उनकी बारगेनिंग पावर भी बढ़ेगी। विनिर्माण क्षेत्र में कच्चे पदार्थ को मूल्यवान उत्पाद में बदला जाता है। यह क्षेत्र विशेष रूप से श्रम आधारित है। इसमें मशीनरी, औजार और श्रम का इस्तेमाल किया जाता है। मगर विगत वर्षो में इसकी गति अपेक्षाकृत धीमी रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में यद्यपि उत्पादन बढ़ा है, लेकिन विश्लेषक इसे नाकाफी बताते हैं। उनका मानना है कि बुनियादी ढांचे का अभाव, कुशल श्रम की कमी और ऋण प्राप्त करने की कठिनाइयां, व्यापार नीति में निरंतरता का अभाव और जटिल कानूनी प्रावधानों तथा शैक्षणिक एवं कौशल व्यवस्था की अपर्याप्तता आदि सभी इसको प्रभावित करते हैं।

## धर्म, शास्त्र और शस्त्र की आराधना का महापर्व है परशुराम जयंती, जानिए पूजन विधि

भगवान परशुराम को जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। बता दें कि वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर प्रदोष काल में भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। इसलिए हर साल इस तिथि को परशुराम जयंती का पर्व मनाया जा रहा है। भगवान परशुराम जी को भगवान विष्णु का उग्र अवतार माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान परशुराम की पूजा करने से जातक को अधिक ऊर्जा प्राप्त होती है।

हिंदू पंचांग के मुताबिक 29 अप्रैल की शाम 05:31 मिनट पर वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरूआत होगी। फिर अगले दिन यानी की 30 अप्रैल की दोपहर 02:12 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 29 अप्रैल 2025 को परशुराम जयंती मनाई जा रही है। क्योंकि भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था।

## पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए डरावना प्रश्न बना

अवधेश कुमार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्य प्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर, मलाड आदि की घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है।

मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठ कर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी।

मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी गई, मारपीट की गई, अब न घर रहा, न खाने को राशन बचा। जो कुछ था, वे सब लूट कर ले गए। धुलियान में एक गरीब पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई जो हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है। अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवत: उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी।

इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गई वरना पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता, कल्पना करने भर से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना करिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिन्दू समाज के साथ इनके अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय इकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाता भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करतीं। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?

किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ के कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के दुश्मन हैं। बावजूद अगर आपको विरोध करना ही है तो इसके लिए हिन्दुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, हत्याएं करने, दुकान-घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए?

हमलावरों की तैयारी कितनी थी, इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायित लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोल कर दियासलाई से आग लगा रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभा यात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिन्दुओं से जुड़े उत्सवों, शोभा यात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। फिर अग्निकांड होता है। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरु द्ध मुखर होकर सामने नहीं आता। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहराने का अभियान चलता है, और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। किसी के उकसाने पर हजारों-लाखों की संख्या में पत्थर, पेट्रोल बम पैदा हो सकते हैं। मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। जंगीपुर के स्थानीय तृणमूल सांसद खलीलुर रहमान का बयान भी यही है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष का वक्तव्य है कि एक राजनीतिक दल ने बाहर से अपराधियों को लाकर बीएसएफ के सहयोग से मुर्शिदाबाद में तांडव मचाया है।

ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय वर्धमान जिले में बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुआ और मरने वाले तीनों तृणमूल कांग्रेस के थे। जाहिर है इसमें किसके गले तक हाथ पहुंचता है। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां हमेशा बड़ी संख्या में उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है, खदेड़ा जाता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार और पुलिस प्रशासन का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाते हैं। तो सच को सच की तरह देखिए। पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है, जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। उनके संदर्भ में हिन्दू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नये सिरे से अपनी रणनीति और व्यवहार तय करना होगा। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को उनके विरुद्ध खुल कर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है। जो समाज अपनी आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है, उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता।

इस समय हिन्दू समाज संविधान के तहत हिंसा या गलत के प्रतिरोध के अंधकार तक का इस्तेमाल करने का साहस नहीं दिखा रहा। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिन्दुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के नए तरीके आज आप सोचेंगे। साथ ही उसे समझने में अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अगर आप साझेदारी में काम कर रहे हैं

वृष राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। निगेटिव थॉट्स को आज दिमाग में न आने दें। धनलाभ की संभावनाएं बन रही हैं साथ ही खर्चो में भी इजाफा होने वाला है।

मिथुन राशि- आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जरूरी काम आज समय से पूरा हो जाएगा। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने में संकोच न करें।

कर्क राशि- आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। इस राशि के नवविवाहित अधिक से अधिक समय जीवनसाथी को दें, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

सिंह राशि- आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। आपको इन सब चीजों से खुद को दूर रखना होगा।

कन्या राशि- आज का दिन का अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बड़ा फैसला आपको करना पड़ेगा। आज अपने खर्चो पर नियंत्रण बनाये रखें। आज लोग आपकी समझ और व्यवहार से काफी प्रभावित होंगे।

तुला राशि- आज का दिन आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला है। आज आपको नए अनुभव की प्राप्ति होगी। अभी तक आपने जीवन के हर संभव क्षेत्र में जो भी करने की सोच रहे हैं थे

वृश्चिक राशि- आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है, जिसके पूरा होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। रुका हुआ पैसा आज वापस मिल जाएगा। कुछ नए मौके सामने आयेंगे

धनु राशि- आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। परिस्थितियां आज कुछ इस तरह से पुरानी चीजों को आपके सामने लाकर खड़ा कर देंगी, जिससे आप थोड़ी उलझन में रहेंगे।

मकर राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। ऑफिस के किसी जरूरी काम को करने में सीनियर आपकी मदद करेंगे,

कुंभ राशि- आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। कारोबार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज आप जो भी करें, सकारात्मक सोच के साथ करें तो सफलता मिलेगी। किसी भी तरह का फैसला करने के पहले अच्छी तरह से सोच-विचार जरूर कर लें

मीन राशि- आज किस्मत का साथ मिलेगा। छोटे-मोटे धन लाभ मिलते रहेंगे, साथ ही घरेलू खर्चो में बढ़ोतरी भी होगी। इस राशि के जो लोग टीचर हैं उनका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग नवविवाहित हैं आज उनको जीवनसाथी से अच्छा सरप्राइज मिलेगा।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए महाराष्ट्र के छह लोगों के परिवारों को 50-50 लाख रुपए देगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए महाराष्ट्र के लोगों के परिजनों को नौकरी देगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कैबिनेट बैठक के दौरान आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ित संतोष जगदाले की बेटी को सरकारी नौकरी दी जाएगी। यह कदम उन चर्चाओं के बाद उठाया गया है जिसमें सरकार ने पहले पीड़ित की बेटी को नौकरी देने का उल्लेख किया था;

# संकट के समय विश्व-मित्र के रूप में मानवता के लिए भारत की प्रतिबद्धता हमारी पहचान बन रही है : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। म्यांमार में आए भूकंप के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत की त्वरित सहायता, इथियोपिया में प्रवासी भारतीयों द्वारा बच्चों के इलाज की पहल, और अफगानिस्तान व नेपाल को वैक्सीन व दवाइयों की आपूर्ति जैसे प्रयासों का जिक्र करते हुए पीएम ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को जीवंत किया। इसके साथ ही, आपदा प्रबंधन में 'सचेत ऐप' की उपयोगिता पर जोर देकर उन्होंने तकनीक और सतर्कता के महत्व को भी उजागर किया।

पीएम मोदी ने कहा, पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप की खौफनाक तस्वीरें आपने जरूर देखी होंगी। भूकंप से वहां बहुत बड़ी तबाही हुई, मलबे में फंसे लोगों के लिए एक-एक सांस, एक-एक पल कीमती था। इसलिए भारत ने म्यांमार के हमारे भाई-बहनों के लिए तुरंत 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया। वायु सेना के विमान से लेकर नौसेना के जहाज म्यांमार तक की मदद के लिए रवाना हो गए। वहां भारतीय टीम ने एक फील्ड हॉस्पिटल तैयार किया है। इंजीनियरों की एक टीम ने अहम बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान का आकलन करने में मदद की। भारतीय टीम ने वहां कंबल, टेंट, स्लीपिंग बैग, दवाइयां, खाने-पीने के सामान के साथ ही और भी बहुत सारी चीजों की सप्लाई की। इस दौरान भारतीय टीम को वहां के लोगों से बहुत सारी तारीफ भी मिली।

पीएम मोदी ने कहा कि इस संकट में, साहस, धैर्य और सूझ-बूझ के कई दिल छू जाने वाले उदाहरण सामने आए। भारत की टीम ने 70 वर्ष से ज्यादा उम्र की एक बुजुर्ग महिला को बचाया जो मलबे में 18 घंटों से दबी हुई थी। भारत से गई टीम ने उनके ऑक्सीजन लेवल को स्थिर करने से लेकर फ्रैक्चर के इलाज तक, उपचार की हर सुविधा उपलब्ध कराई। जब इस बुजुर्ग महिला को अस्पताल से छुट्टी मिली तो उन्होंने हमारी टीम का बहुत आभार जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय बचाव दल की वजह से उन्हें नया जीवन मिला है। बहुत से लोगों ने हमारी टीम को बताया कि उनकी वजह से वे अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को ढूंढ पाए। भूकंप के बाद म्यांमार में मांडले की एक मोनेस्ट्री में भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका थी। हमारे साथियों ने यहां भी राहत और बचाव अभियान चलाया, इसकी वजह से उन्हें बौद्ध भिक्षुओं का ढेर सारा आशीर्वाद मिला। पीएम मोदी ने कहा कि हमें ऑपरेशन ब्रह्मा में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों पर बहुत गर्व है। हमारी परंपरा है, हमारे संस्कार हैं 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना ङ्क पूरी दुनिया एक परिवार है। संकट के समय विश्व-मित्र के रूप में भारत की तत्परता और मानवता के लिए भारत की प्रतिबद्धता हमारी पहचान बन रही है।

पीएम मोदी ने अफ्रीका के इथियोपिया में प्रवासी भारतीयों के एक अभिनव प्रयास के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, इथियोपिया में रहने वाले भारतीयों ने ऐसे बच्चों को इलाज के लिए भारत भेजने की पहल की है जो जन्म से ही हृदय की बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे बहुत से बच्चों की भारतीय परिवारों द्वारा आर्थिक मदद भी की जा रही है। अगर किसी बच्चे का परिवार पैसे की वजह से भारत आने में असमर्थ है, तो इसका भी इंतजाम, हमारे भारतीय भाई-बहन कर रहे हैं। कोशिश ये है कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे इथियोपिया के हर जरूरतमंद बच्चे को बेहतर इलाज मिले। प्रवासी भारतीयों के इस नेक कार्य को इथियोपिया में भरपूर सराहना मिल रही है। आप जानते हैं कि भारत में मेडिकल सुविधाएं लगातार बेहतर हो रही हैं। इसका लाभ दूसरे देश के नागरिक भी उठा रहे हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि कुछ ही दिन पहले भारत ने अफगानिस्तान के लोगों के लिए बड़ी मात्रा में वैक्सीन भी भेजी है। ये टीका, रेबीज, टेटनस, हेपेटाइटिस बी और इन्फ्लूएंजा जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाव में काम आएगा। भारत ने इसी हफ्ते नेपाल के आग्रह पर वहां दवाइयां और टीकों की बड़ी खेप भेजी है।



पहलगाम आतंकी हमले के बाद अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के चोटीपोरा में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सक्रिय आतंकवादी कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे के घर को ध्वस्त कर दिया।



कांग्रेस नेता और लोकसभा (एलओपी) राहुल गांधी का हैदराबाद हवाई अड्डे पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्वागत किया.

## भारतीय नौसेना ने की एंटी-शिप फायरिंग, कहा किसी भी मुकाबले के लिए तैयार

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए किसी भी समय, कहीं भी और किसी भी प्रकार से मुकाबले के लिए तैयार है। अपनी यही तैयारी प्रदर्शित करते हुए नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। नौसेना की इस एंटी-शिप फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया है।

रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की हैं। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार हैं।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं, जिनमें एक नौसेना अधिकारी भी थे। ये सैन्य अधिकारी भी अन्य सैलानियों की भांति परिवार के साथ छुट्टियां बिताने जम्मू-कश्मीर गए थे। मंगलवार को आतंकवादियों ने यहां पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और पर्यटकों का नाम पूछ-पूछकर आतंकियों ने उन पर गोली चलाई।

जम्मू-कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर ही भारत ने अपने शत्रुओं को एक सख्त संदेश देते हुए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मिसाइल परीक्षण किया था। यह मिसाइल परीक्षण भारतीय नौसेना ने अपने डिस्ट्रॉयर आईएनएस सूरत पर अरब सागर में किया था। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी थी। नौसेना के मुताबिक इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की। नौसेना का यह विध्वंसक दुश्मन की मिसाइल को हवा में ही नष्ट करने की क्षमता से लैस है।

आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों से पाकिस्तान बुरी तरह तिलमिलाया हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तानी सेना बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए अपनी चौकियों से फायरिंग कर रही है। 26-27 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने भी गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया है।

भारतीय सेना पाकिस्तान की किसी भी नापाक हरकत का जवाब देने के लिए पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में कई महत्वपूर्ण बैठकें की हैं। सेना प्रमुख ने सेना की अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा भी की है। वहीं भारतीय नौसेना ने भी अपनी तैयारियों को मजबूती से प्रदर्शित किया है।

### फिटजी घोटाले में 15 हजार स्टूडेंट्स से 250 करोड़ रुपये की ठगी, श्वष्ठ की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

लखनऊ (आरएनएस)। फिटजी कोचिंग संचालकों ने विभिन्न राज्यों के 14,411 छात्र-छात्रों से एडवांस फीस के रूप में 250.02 करोड़ रुपये जमा कराए थे और जनवरी माह में बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कोचिंग सेंटर बंद कर दिए थे। श्वष्ठ की जांच में यह भी सामने आया है कि छात्रों से शैक्षणिक सत्र 2028-29 तक की एडवांस फीस जमा कराई गई थी। इनमें वर्तमान में चल रहे बैचों के छात्र-छात्राओं से लगभग 206 करोड़ रुपये जमा कराए गए थे।

ईडी ने दिल्ली में कोचिंग संचालक डीके गोयल के वसंत विहार स्थित आवास समेत अन्य स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज, 10 लाख रुपये नकद व 4.89 करोड़ रुपये के जेवर जब्त किए हैं। फिटजी के 32 कोचिंग सेंटर बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक बंद कर दिए गए थे।

ईडी के अनुसार छानबीन में सामने आया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के 9,823 छात्र-छात्राओं से 181.89 करोड़ रुपये, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के 3,316 छात्र-छात्राओं से 47.48 करोड़ रुपये, शैक्षणिक सत्र 2027-28 के 1,008 छात्र-छात्राओं से 17.07 करोड़ रुपये तथा शैक्षणिक सत्र 2028-29 के 264 छात्र-छात्राओं से 3.76 करोड़ रुपये बतौर फीस जमा कराए गए थे।



अधिकारियों ने 2023 से कई आतंकी गतिविधियों में शामिल एक सक्रिय आतंकवादी कमांडर जाकिर अहमद गनी के आवास को जम्मू और कश्मीर के कुलगाम जिले के मतलहामा इलाके में ध्वस्त कर दिया। गनी पर पहलगाम आतंकी हमले से कथित संबंधों के कारण निगरानी रखी जा रही थी जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।

### अब खुलेंगी पहलगाम आतंकी हमले की परतें, एनआईए ने संभाली कमान; साक्ष्य जुटाने में जुटी टीमें

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में ले ली है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एनआईए ने इस मामले में औपचारिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पहलगाम में मंगलवार को हुए इस आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। एनआईए की टीम बुधवार से ही पहलगाम में घटनास्थल पर मौजूद है और साक्ष्य जुटाने में जुटी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एनआईए की टीमें आतंकियों के हमले के तरीके और उनके भागने के रास्तों का पता लगाने के लिए इलाके की बारीकी से जांच कर रही हैं। बैसरन घाटी में हुए इस हमले को कश्मीर के सबसे भयानक आतंकी हमलों में से एक माना जा रहा है। एनआईए की टीमें उन चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं, जिन्होंने इस खौफनाक मंजर को अपनी आंखों से देखा। एनआईए के एक आईजी, एक डीआईजी और एक एसपी की निगरानी में जांच चल रही है। ये टीमें आतंकियों के प्रवेश और निकास बिंदुओं की जांच कर रही हैं ताकि यह समझा जा सके कि हमलावर कैसे आए और कहां से भागे। फोरेंसिक विशेषज्ञों और अन्य जांच एजेंसियों की मदद से घटनास्थल की गहन छानबीन की जा रही है।

## सपा सांसद के काफिले पर करणी सेना का हमला, टायर-पत्थर फेंके; कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त

अलीगढ़ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर रविवार को अलीगढ़ में उस समय हमला कर दिया गया, जब उनका काफिला गोभाना टोल प्लाजा के पास से गुजर रहा था। राणा सांगा को लेकर दिए गए उनके एक बयान के बाद से ही करणी सेना सांसद सुमन के निशाने पर थी और इसी कड़ी में यह हमला हुआ है। करणी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सांसद के काफिले में शामिल गाड़ियों पर टायर और पत्थर फेंके, जिससे कई वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के मुताबिक, सपा सांसद रामजी लाल सुमन रविवार को आगरा से बुलंदशहर जा रहे थे और अलीगढ़ होते हुए उनका काफिला आगे बढ़ रहा था। उनके काफिले में लगभग 25 गाड़ियां शामिल थीं। दोपहर करीब दो बजे जैसे ही काफिला गोभाना टोल प्लाजा पार कर रहा था, करणी सेना से जुड़े कुछ क्षत्रिय समाज के युवकों ने अचानक काफिले पर हमला बोल दिया। उन्होंने गाड़ियों पर टायर और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला किया। पत्थरों की बौछार से कई गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हो गए। हमले से बचने के लिए चालक तेजी से गाड़ियां निकालने लगे, जिससे कुछ गाड़ियां आपस में भी टकरा गईं। इस हमले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में हमला करने वाले युवक सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी करते और उन्हें गालियां देते सुने जा सकते हैं। 00

### पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला, पाकिस्तानी हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

देहरादून (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है।



केंद्रीय रा%य मंत्री जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ, नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में %रोज़गार मेले% के दौरान एक उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में शारदा नदी के तटीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

## पाकिस्तान की इस हरकत के बारे में जानकर चौंक जाएंगे आप, पहलगाम हमले में हुआ बड़ा खुलासा


नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में जंग का अनुभव रखने वाले अपने खूंखार आतंकवादियों को कश्मीर घाटी में भेजा है। खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों को ऐसे इनपुट मिले हैं कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के वे आतंकी, जिन्होंने अफगानिस्तान में लड़ाई लड़ी है, उन्हें खास तौर पर कश्मीर में घुसपैठ कराया गया है।

सूत्रों का कहना है कि कश्मीर घाटी में बेहतर हो रहे माहौल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे विकास कार्यों की चर्चा से पाकिस्तान बौखला गया है। इसी हताशा में उसने कश्मीर के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने के मकसद से इन आत्मघाती और बेहद खतरनाक आतंकियों को भेजा है। बताया जा रहा है कि अफगानिस्तान में लड़ने का अनुभव रखने के कारण ये आतंकवादी सामान्य आतंकियों से कहीं यादा खूंखार हैं। सुरक्षाबलों द्वारा घेरे जाने की स्थिति में भी ये आसानी से हथियार नहीं डालते, बल्कि डटकर मुकाबला करते हैं और अपने बाकी साथियों को भागने में मदद करते हैं।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाते हुए भीषण हमला किया था।

इस नृशंस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। हमलावरों ने कथित तौर पर पर्यटकों से उनकी पहचान पूछी और विशेष रूप से हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया। 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ काफिले पर हुए हमले के बाद कश्मीर घाटी में नागरिकों पर यह सबसे घातक आतंकी हमला था। हमलावर अत्याधुनिक एके-47 और एम4 कार्बाइन जैसे हथियारों से लैस थे और हमले के दौरान बॉडीकैम पहने हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (ञ्जक्रस्न) ने ली थी।

मुंबई (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशवासियों में आक्रोश व्याप्त है। फिल्म इंडस्ट्री के सितारे भी आतंकियों की कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की और घटना को 'दिल दहला देने वाला' बताते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की।



तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की सबसे प्रतिभाशाली और प्रशंसित अभिनेत्रियों में से एक सामंथा रूथ प्रभु अक्सर लोगों की नज़रों में आती रही हैं। जहाँ उनका करियर ये माया चेसावे, ईगा, रंगस्थलम और सुपर डीलक्स जैसी सफल फिल्मों से ऊपर उठ गया है, वहीं उनकी निजी ज़िंदगी, खास तौर पर नागा चैतन्य से उनका तलाक, विवादों में घिरा रहा है। गुजारा भत्ता की अफवाहों से लेकर बोल्ड रोल चॉइस और हाल ही में तेलंगाना के मंत्री कोंडा सुरेखा की तलाक के बारे में चौंकाने वाली टिप्पणियों तक, सामंथा रूथ प्रभु हमेशा से ही गलत कारणों से सुर्खियाँ बटोरती रही हैं।



# खूबसूरत गाउन में रुबीना दिलैक ने कराया फोटोशूट, फैंस बोले-अप्सरा लग रही हो

टीवी एक्ट्रेस रूबीना दिलैक की खूबसूरती और फैशन का कोई जवाब नहीं है। वह सोशल मीडिया पर अपने नए लुक के फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। उनके इस लुक पर फैंस दिल हार बैठे हैं। उनका यह फोटोशूट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



लेटेस्ट फोटोशूट में रूबीना ब्राउन कलर के गाउन में कैमरे की ओर पोज दे रही हैं। उन्होंने अपने लुक को शानदार बनाने के लिए बालों को खुला छोड़ा है और कलाई पर एक ब्रेसलेट के साथ वॉच भी बांधी हुई है। नेट का दुपट्टा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम कर रहा है।

इन फोटोज को शेयर करते हुए रूबीना ने कैप्शन में लिखा, सुनहरी धूप ने कुछ इस तरह से छुआ...

फैंस उनकी इन तस्वीरों को बेहद पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स में तारीफों के पुल बांध रहे हैं। एक यूजर ने लिखा - ब्यूटीफुल, वहीं दूसरे ने कहा- अप्सरा लग रही हो आप।

बता दें कि रुबीना दिलैक ने मिस शिमला समेत कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। इसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी कर रही थीं। इस दौरान अपनी एक फ्रेंड के कहने पर उन्होंने छोटी बहू सीरियल के लिए ऑडिशन दिया और सेलेक्ट हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में राधिका का रोल निभाया।

इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह : एक नई उम्मीद, जीनी और जूजू और शक्ति जैसे हिट शो का हिस्सा रही हैं। उन्होंने राजपाल यादव स्टारर फिल्म अर्ध से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वह बिग बॉस 16 की विनर भी रही हैं।

सोहम शाह की क्रेजी ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव भी उपलब्ध

अभिनेता सोहम शाह की फिल्म क्रेजी को 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसमें उनके काम को तो काफी सराहा गया।

### राजकुमार राव की मालिक की नई रिलीज तारीख का ऐलान, गैंगस्टर बन मचाएंगे धमाल

राजकुमार राव जल्द ही फिल्म भूल चुक माफ में नजर आएंगे। करण शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इसमें राजकुमार की जोड़ी पहली बार वामिका गब्बी के साथ बनी है।

भूल चुक माफ के अलावा राजकुमार के पास फिल्म मालिक भी है, जिसके निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है। फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख टाल दी है।

मालिक के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा। अब यह फिल्म 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। यह एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें राजकुमार एक खूंखार गैंगस्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं।

# मृणाल ठाकुर के हाथ लगी एटली की 800 करोड़ी फिल्म, अब अल्लू अर्जुन संग करेंगी रोमांस

पुष्पा 2 की जबरदस्त सफलता के बाद अल्लू अर्जुन ने जवान के निर्देशक एटली के साथ हाथ मिलाया है।इस फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं और अब खबर है कि फिल्म में अल्लू के साथ मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया है। फिल्म में 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। इनमें में एक के लिए मृणाल के नाम पर निर्माताओं की मोहर लग चुकी है।



आइए पूरी खबर जान लेते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, मृणाल ने कल मुंबई के एक स्टूडियो में फिल्म की तीन मुख्य अभिनेत्रियों में से एक की भूमिका निभाने के लिए लुक टेस्ट दिया। फिल्म में वह अल्लू के साथ रोमांस करती दिखेंगी। उनका लुक फिल्म में एकदम हटके होगा।

उधर अन्य अभिनेत्रियों के लिए दीपिका पादुकोण और जाह्नवी कपूर के नाम पर विचार किया जा रहा है। जाह्नवी फिल्म साइन करने के बेहद करीब हैं, वहीं दीपिका के साथ बातचीत अब भी जारी है। अल्लू-मृणाल दोनों एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। इससे पहले अल्लू ने मृणाल की फिल्म हाय नाना को खूब सराहा था और अभिनेत्री के अभिनय पर भी जमकर प्यार लुटाया था। फिल्म देखने के बाद अल्लू न सिर्फ इसकी कहानी, बल्कि इसमें मृणाल के अभिनय और उनके अंदाज के भी मुरीद हो गए थे।

उधर एक इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वह अल्लू की प्रशंसकों में शुमार हैं और उनके साथ काम करना चाहती हैं। सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का बजट 800 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। खबर तो यह भी आई कि इसके लिए अल्लू को 175 करोड़ रुपये मिल रहे हैं।

# श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की हॉरर कॉमेडी फिल्म कपकपी की रिलीज तारीख का ऐलान, नया पोस्टर जारी

बॉलीवुड की पसंदीदा कॉमिक जोड़ी श्रेयस तलपदे और तुषार कपूर एक रोमांचक हॉरर-कॉमेडी फिल्म कंपकंपी के लिए फिर से एक साथ आ रहे हैं। बीते साल यानी 2024 में इस फिल्म का एलान हुआ था। श्रेयस और तुषार ने फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया था, जिसके बाद से फैंस इस हॉरर कॉमेडी फिल्म के लिए उत्साहित थे। वहीं, अब इस फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया गया है।

दिवंगत संगीत सिवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म उनके आखिरी प्रोजेक्ट में से एक है, जो पोस्ट प्रोडक्शन के दौरान पूरा हो गया। निर्देशक का निधन मई 2024 में हुआ था। अब उनके निधन के बाद उनकी यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने अब फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट भी बताई है।

कंपकंपी इस साल 23 मई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है। कंपकंपी जीतू माधवन द्वारा निर्देशित 2023 की मलयालम ब्लॉकबस्टर रोमांचम की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म का निर्माण जयेश पटेल और उमेश केआर बंसल ने जी स्टूडियोज और ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है, जिसकी दुनिया भर में रिलीज की योजना जी स्टूडियोज ने बनाई है।

००

# केसरी 2 को नहीं मिल रहे दर्शक, अब बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म से होगा सामना

करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म केसरी: चैप्टर 2 बीते 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अक्षय कुमार, अनन्या पांडे और आर माधवन अभिनीत इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नहीं दिख रही है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई घटती जा रही है।

आइए जानें केसरी 2 ने रिलीज के सातवें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की कुल कमाई 46.10 करोड़ रुपये हो गई है।

केसरी 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के इर्द-गिर्द की भयावह घटनाओं को दिखाती है।

फिल्म में अक्षय निडर वकील सी. शंकरन नायर बने हैं, जिन्होंने अदालत में ब्रिटिश राज को चुनौती दी और सच्चाई बताने की मांग की।

केसरी 2 का बॉक्स ऑफिस पर सामना सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म जाट से हो रहा है।

उधर, इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो आज यानी 25 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटा चुकी है।

इसके अलावा आमिर खान और सलमान खान की यादगार फिल्म अंदाज अपना अपना को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। यह फिल्म पहली बार 4 नवंबर, 1994 को रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था।

### बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की जाट के कारोबार में गिरावट जारी, 15वें दिन हुई इतनी कमाई

सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

भले ही जाट ने बॉक्स ऑफिस पर गदर 2 जैसा धमाका नहीं किया, लेकिन सनी ने अपने धमाकेदार एक्शन अवतार से फिर दर्शकों का दिल जीत लिया।

लगातार घटते कारोबार के बावजूद जाट ने टिकट खिड़की पर 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।

आइए जानें जाट की 15वें दिन कितनी कमाई हुई।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 15वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 80.75 करोड़ रुपये हो गया है।

जाट अपनी लागत वसूलने के करीब है। इस फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये है।

### सैफ अली खान की ज्वेल थीफ के सीक्वल का ऐलान, शीर्षक से भी उठा पर्दा

अभिनेता सैफ अली खान पिछले लंबे समय से फिल्म ज्वेल थीफ: द हीस्ट बिगिन्स को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म आज यानी 25 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

सैफ के साथ इस फिल्म में जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी और सैफ-जयदीप को दर्शकों की तरफ से हरी झंडी मिली है।

अब निर्माताओं ने ज्वेल थीफ के सीक्वल का ऐलान कर दिया है।

ज्वेल थीफ के अंत में निर्माताओं ने फिल्म की दूसरी किस्त की घोषणा कर दी है। फिल्म के सीक्वल का नाम ज्वेल थीफ: द हीस्ट कंटीन्यूज रखा गया है। पहले भाग की तरह दूसरे भाग में भी सैफ का सामना रणदीप से होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों अपने-अपने किरदारों को दोहराते हुए नजर आएंगे। गौरतलब है कि ज्वेल थीफ: द हीस्ट कंटीन्यूज भी नेटफ्लिक्स पर ही रिलीज होगी।

# विंग्ड आईलाइनर लगाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, लुक लगेगा बेहतरीन

आंखों को आकर्षक बनाने के लिए महिलाएं कई तरीके की आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं। इनमें से एक है विंग्ड आईलाइनर, जो आंखों को एक खास और ग्लैमरस लुक देता है, लेकिन इसे लगाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।



इस लेख में हम आपको विंग्ड आईलाइनर लगाने के लिए पांच महत्वपूर्ण टिप्स देंगे, जिससे आप बिना किसी गलती के इसे सही तरीके से लगा सकें।

आंखों की आकृति को समझें

विंग्ड आईलाइनर लगाते समय सबसे पहले अपनी आंखों की आकृति को समझना जरूरी है।

अगर आपकी आंखें बड़ी हैं तो आपको पतली सी लाइन खींचनी होगी, वहीं छोटी आंखों पर आपको थोड़ा मोटा लाइन खींचना होगा ताकि आपकी आंखें बड़ी और खुली दिखें। इसके अलावा अगर आपकी आंखें ऊपर की तरफ झुकी हुई हैं तो आपको ऊपर की तरफ लाइन खींचनी होगी, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

सही आईलाइनर का चयन करें

विंग्ड आईलाइनर लगाने के लिए सही आईलाइनर का चयन करना बहुत अहम है।

पेंसिल, जेल या लिक्विड आईलाइनर में से कौन-सा आपके लिए बेहतर रहेगा, यह आपके हाथ की स्थिरता पर निर्भर करता है।

अगर आपका हाथ आईलाइनर लगाते समय हिलता रहता हैं तो पेंसिल आईलाइनर सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। वहीं अगर आप प्रोफेशनल हैं तो लिक्विड आईलाइनर का उपयोग कर सकती हैं, जिससे आपको एक सुंदर लुक मिलेगा।

शुरुआत छोटी लाइन से करें

विंग्ड आईलाइनर लगाने की शुरुआत हमेशा छोटी लाइन से करनी चाहिए।

सबसे पहले अपनी पलकों की जड़ पर छोटी-छोटी बिंदियां बनाएं और फिर उन्हें आपस में जोड़ते हुए बाहर की तरफ लाएं। इससे आपको सही दिशा मिलेगी और आपकी आईलाइनर की लंबाई भी बराबर रहेगी।

इसके बाद धीरे-धीरे इसे मोटा करते हुए अपनी इच्छानुसार विंग बनाएं। इस तरह से आप बिना किसी गलती के एक बेहतरीन विंग्ड आईलाइनर पा सकेंगी।

दोनों आंखों पर समानता बनाए रखें

विंग्ड आईलाइनर लगाते समय दोनों आंखों पर समानता बनाए रखना बहुत जरूरी है। अक्सर देखने में आता है कि किसी एक आंख पर आईलाइनर ज्यादा मोटा होता है जबकि दूसरी पर पतला रह जाता है। इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। इसलिए दोनों आंखों पर एक ही तरह से और बराबर मोटाई में आईलाइनर लगाएं।

इसके अलावा अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक ज्यादा आकर्षक लगे तो आईलाइनर को सूखने दें और फिर आंखों पर मस्कारा लगाएं।

अंतिम टच देना न भूलें

आईलाइनर लगाने के बाद अंतिम टच देना भी उतना ही अहम होता है जितना कि शुरुआत में ध्यान देना।

आईलाइनर सूखने के बाद अगर कहीं कोई कमी रह गई हो या फिर कोई छोटा-मोटा सुधार करना हो तो उसे तुरंत करें ताकि आपका लुक पूरी तरह से बेहतरीन लगे।

इस तरह इन पांच आसान लेकिन जरूरी बातों का ध्यान रखकर आप बिना किसी गलती के आसानी से विंग्ड आईलाइनर लगा सकती हैं।

# ब्रोकली को इन 5 कारणों से अपनी डाइट में करें शामिल, मिलेंगे कई फायदे

जब बात सब्जियों की आती है तो कई लोग अपनी पसंद के अनुसार ही सब्जियां खरीदते हैं, लेकिन हर सब्जी के अपने पोषक तत्व और फायदे होते हैं।इसी तरह ब्रोकली एक ऐसी सब्जी है, जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। यह कई खास यौगिकों से भरी होती है, जो कई स्वास्थ्य लाभ दे सकते हैं। आइए आज हम आपको डाइट में ब्रोकली को शामिल करने के विभिन्न कारण बताते हैं।कैंसर का खतरा कम करने में है सहायक



ब्रोकली में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाने में मदद कर सकते हैं। ये हानिकारक तत्व कैंसर का कारण बन सकते हैं। कई अध्ययनों के मुताबिक, ब्रोकली का सेवन करने से शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे कैंसर का खतरा कम हो सकता है।

इसके अलावा ब्रोकली में एक खास यौगिक होता है, जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोक सकता है।

हालांकि, यह कैंसर का इलाज नहीं है।

आंखों के लिए है फायदेमंद

आंखों के लिए ब्रोकली का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।

ब्रोकली में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो आंखों की रोशनी को कम होने से बचा सकते हैं। इसके अलावा ये तत्व आंखों की सेहत को भी बनाए रखते हैं।

कई अध्ययनों के मुताबिक, ये तत्व मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित आंखों की समस्याओं के जोखिम को भी कम कर सकते हैं।

इसलिए ब्रोकली को अपनी डाइट में शामिल करना लाभदायक हो सकता है।

दिल को स्वस्थ रखने में है सहायक

ब्रोकली का सेवन दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

ब्रोकली में एंटी-ऑक्सीडेंट और सूजनरोधी गुण होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीडेशन को रोकने में मदद करते हैं। ये गुण खराब कोलेस्ट्रॉल को प्लाक बनने से भी रोक सकते हैं, जिससे धमनियों में रूकावट नहीं होती और दिल स्वस्थ रहता है।

इसके साथ ही ब्रोकली में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा को बढ़ाकर दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकते हैं मजबूती

ब्रोकली में कई प्रकार के विटामिन और खनिज होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि विटामिन-सी, विटामिन-के, विटामिन-ए, विटामिन-बी6, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस।

विटामिन-ष्ट एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा ब्रोकली में मौजूद विटामिन-ए और विटामिन-बी6 भी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करते हैं।वजन को नियंत्रित करने में है प्रभावी

अगर आप अपना वजन नियंत्रित करना चाहते हैं तो ब्रोकली का सेवन जरूर करें।

ब्रोकली में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को स्वस्थ रखता है और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करवाता है, जिससे आप बार-बार खाने से बच सकते हैं।

# शब्द सामर्थ्य -030


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 029 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ड़ा |
| त | | | ख | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नी | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोरखपुर में रात्रि सोनू रजक उम्र 24 वर्ष निवासी बदनपुर शक्तिनगर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बर्फका गोला का ठेला नगर निगम कार्यालय जोन 3 इंद्रानगर के सामने ठेला लगाता है रात लगभग 10 बजे दुकान बंद करने का समय था उसने पास में बैठकर एक पैग पिया फिर अपने ग्राहक के लिये बर्फका गोला बना रहा था उसके नियमित ग्राहक अब्बू दीपक , क्रिश और लुक्कू चक्रवर्ती जो उसके ठेले के पीछे शराब पी रहे थे तभी क्रिश उसके पास आकर मिल्क शेक बनाने के लिये कहने लगा,



# अवैध प्लॉटिंग में विक्रय एवं नामांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर ने बताया कि हल्का पटवारी ग्वारीघाट द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि ग्राम ग्वारीघाट, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. ग्वारीघाट तहसील गोरखपुर स्थित खसरा नं. 19/1/2 रकबा 0.2936 हेक्टे्यर भूमिस्वामी चिरौंजीलाल, रामसलीने, दसोदाबाई पिता कंघई काछी सा. पुरानी बस्ती ग्वारीघाट द्वारा अवैध प्लॉटिंग की जा रही है एवं रोड का रकबा भी विक्रय किया जा रहा है। तत्संबंध में अनावेदक को नोटिस जारी किया गया, परंतु अनेक अवसर दिए जाने पर भी जवाब प्रस्तुत न किए जाने के कारण एकपक्षीय कार्यवाही की गई। जांच में हल्का पटवारी प्रतिवेदन एवं सुसंगत दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत पाया गया कि आवेदक द्वारा अधिनियम मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन तथा शर्ते नियम, 1999 एवं नगर पालिका (कॉलोनी विकास नियम 2021)) के उल्लंघन में अवैध प्लाटिंग की गई है साथ ही रोड का रकबा भी विक्रय किया जा रहा है। इस संबंध में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर श्री अनुराग सिंह ने आदेश पारित कर कहा कि ग्राम ग्वारीघाट के खसरा नं. 19/1/2 रकबा 0.2936 हेक्टेंयर के विक्रय एवं नामांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। उक्ताशय की प्रविष्टि खसरा के कॉलम नंबर 12 में हल्का पटवारी द्वारा दर्ज किया जाए। साथ ही पंजीयक जिला जबलपुर एवं संबंधित तहसीलदार/नायब तहसीलदार को आदेश की प्रति पृथक से प्रेषित करें। हल्का पटवारी द्वारा ग्राम ग्वारीघाट के खसरा नं0 19/1/2 का शेष रकबा 0.066 हे0 जो वर्तमान में अनावेदक के नाम पर दर्ज है, उसमें अनावेदक का नाम विलोपित कर पृथक बटांक कायम कर सड़क या रास्ता में दर्ज किया जाए। मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन तथा शर्ते नियम, 1999 नगर पालिका (कॉलोनी विकास अधिनियम 2021)) के तहत् कॉलोनी का प्रबंध शासन के अधिपत्य में लिए जाने के साथ ही नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 292-ग एवं अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किए जाने हेतु आदेश की प्रति आयुक्त नगर पालिक निगम जिला जबलपुर को पृथक से प्रेषित की जाए।



# वीयू- कुलपति ने ली समीक्षा बैठक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 29 अप्रैल 2025 को विश्वविद्यालय सभागार में विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ हाइब्रिड मोड पर एक बैठक ली जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय के अधीनस्थ समस्त वेटरनरी कॉलेज, फिशरी कॉलेज तथा डिप्लोमा कॉलेज में किए गए गत शैक्षणिक वर्ष व वित्तीय वर्ष के कार्यों की समीक्षा तथा वर्तमान सत्र में किए जाने वाले शैक्षणिक, अनुसंधान व विस्तार संबंधी साथ ही छात्र छात्राओं की हॉस्टल सुविधा, सभी महाविद्यालयों में संचालित एवं किए जाने वाले कार्यों की जानकारी तथा समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर से तोमर वित्त नियंत्रक श्री महेश कोरी ,डॉ जीपी लखानी अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉक्टर आरके शर्मा, डॉ सुनील नायक अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉक्टर शशिकांत महाजन, अधिष्ठाता महू डॉ बीपी शुक्ला एवं अधिष्ठाता रीवा डॉ सिंह ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे साथ ही डॉ आर वी सिंह ,डॉ कारमोरे, डॉ बी राय, डॉ एस घोष, डॉ अक्षय गर्ग, डॉ पूनम शाक्य डॉ रामकिंकर मिश्रा एवं डॉ सोना दुबे उपस्थिति रही।

# परशुराम शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा एवं शरबत पिलाकर स्वागत किया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर बड़ा फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा भगवान परशुराम शोभा यात्रा का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर यात्रा प्रमुख योगेंद्र दुबे , राम दुबे , सहित सभी भक्तजनों को शरबत पिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल , डॉ सुधीर अग्रवाल , राजेंद्र चौधरी , अखिलेश दीक्षित , सुरजीत सिंह सरदार , बाबा दुबे , आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना की अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी राशि

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम का ऑन लाइन आयोजन आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 को मानस भवन स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय के मिनी हॉल में किया गया है, जिसमें सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में राशि पहुँचाई जायेगी।

# सर्वाइकल वैक्सीनेशन सप्ताह डॉ. ने महिलाओं को बचाव के बताये उपाय






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सर्वाइकल वेक्सिनेसन सप्ताह के अंतर्गत के. जे. मेमोरियल नर्सिंग होम द्वारा ब्यौहारबाग स्थित शासकीय गर्ल्स हा.से. स्कूल में महिलाओं और छात्राओं हेतु जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को संबोधित करते हुए, महिला डॉक्टरों के संगठन औबस्ट एंड गायनिक की अध्यक्ष डॉक्टर राखी बाजपेयी, सचिव डॉक्टर कोमल जैन तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर कुसुम जैन द्वारा बच्चेदानी के कैंसर के सिमटम्स ट्रीटमेंट एवं वैक्सीनेशन के बारे में बताया कि 9 वर्ष से 13 वर्ष की उम्र में दो टीके लगाए जाते हैं जबकि वैक्सीन के 14 साल से 45 वर्ष तक की महिलाओं को तीन खुराक तक की दी जाती है वही सफेद पानी आना, माहवारी के बीच में ब्लीडिंग होना या खून आना, कमर दर्द होना आदि सिम्टम्स के बारे में बचाव कैसे किया जा सकता है एवं क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए के बारे में बताया।

उन्होंने यह भी बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, जिसे सर्विकल कैंसर भी कहते हैं, महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा (गर्भाशय का निचला भाग) में कोशिकाओं के असामान्य रूप से बढ़ने से होता है. यह मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमावायरस ( ।क्क्ष्ट) संक्रमण के कारण होता है। भारत में, हर दिन लगभग 200 महिलाएं सर्विकल कैंसर के कारण मौत के मुंह में समा जाती है द्य सर्विकल कैंसर महिलाओं मै ब्रेस्ट कैंसर के बाद दूसरा सबसे अधिक होने वाला कैंसर है, उन्होंने रोग के लक्षण व बचाव बताये।

# प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राईवेट लिमिटेड के नाम से खोला फर्जी ऑफिस

**एसपी से की शिकायत, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्जी ऑफिस खोलकर लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। यह आरोप प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के संचालक सन्नी यादव ने की। सन्नी यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसका ब्रांच ऑफिस इंदौर तृतीय तल अपोलो टॉवर पलासिया रोड में है। जबकि रजिस्टर्ड ऑफिस सिरम सेंटर बडौदरा गुजरात में है। इन दोनों ऑफिस के अलावा कोई अन्य ऑफिस नहीं है। लेकिन उसे कुछ दिनों पहले सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोग प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जबलपुर शहर में नेपियर टाउन जबलपुर अस्पताल के सामने एक कार्यालय में संचालित कर रहे है। वह हमारी कंपनी के नाम का बिना अनुमति के गलत उपयोग कर आम जनता के साथ धोखाधड़ी कर रहे है। सन्नी यादव ने आरोप लगाया कि उन आरोपियों ने कंपनी के मूल्यवान कूटरचित दस्तावेज जैसे पैमेंट इनवॉइस, रिसिप्ट के रूप में मूल्यवान प्रतिभूति आदि तैयार कर लोगों को भ्रमित कर उनसे ठगी कर रहे है। साथ ही बैंक खातों में रुपए जमा करवा रहे है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।




# विश्व नृत्य दिवस पर नृत्य वन्दनम का आयोजन 40 नृत्यांगनाओं ने दी प्रस्तुति






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नृत्यांजलि कला अकादमी कलावृक्ष कुलगुरु संस्था द्वारा विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में नृत्य वन्दनम का आयोजन नृत्यगुरु कामना नायक के संयोजन में कला वीथिका में किया गया।समारोह में भरतनाट्यम कत्थक एवं ओडिसी नृत्य का ज्ञान प्राप्त करने वाली 40 से अधिक नृत्य साधिकाओं ने अप्रतिम प्रस्तुतियां दी। जिसमें मुख्य रूप से नृत्यांजलि कला अकडेमी एवं श्रीम कत्थक पीठ की साधिकाएं शामिल रहीं। समारोह में दीप प्रज्वलन श्रीमा विभानंद गिरी प्रज्ञापीठाधीश्वर नई दिल्ली, डॉ कृष्णकुमार दुबे, श्रीमती दुर्गा चौबे, स्वाति मोदी तिवारी, कामना नायक, अरुक्षा नायक , शलभ नायक ने किया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य रूप से क्लासिकल नृत्य जैसे भरतनाट्यम, कत्थक, ओडिसी नृत्य की उत्पत्ति एवं उसकी संरचना के बारे में प्रसिद्व नृत्यांगना एवं नृत्य गुरु श्रीमती कामना नायक द्वारा कलाकारों को नटराज एवं भरतनाट्यम नृत्य के साथ गुरु-शिष्य परम्परा का बारीकियों का ज्ञान दिया। कत्थक नृत्य के विषय में कत्थक की प्रसिद्ध गुरु श्रीमती स्वाति मोदी तिवारी द्वारा कत्थक के अलग-अलग घरानों की जानकारी एवं उनके प्रकार से अवगत कराया। ओडिसी संस्कृति के साथ ओडिसी नृत्यऔऱ उसके व्याकरण के बारे में अरूक्शा नायक ने तकनीकी जानकारी दी।आपने कहा कि विश्व में जितने भी शास्त्रीय नृत्य हैं उनके व्याकरण का माध्यम केवल नाट्यशास्त्र है।सेमिनार में मंदिरों से ली गई मुद्राओं,करण और अंगहार की व्याख्या की। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया और आभार शलभ नायक ने दिया।

**पाटन के पवई धाम में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय जी**

# अक्षय तृतीया पर आज निकलेगी श्री शिव समाराधन महायज्ञ की शोभायात्रा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मां नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के चतुर्थ अधिवेशन के संदर्भ में पाटन तहसील के पवई धाम में 1 से 7 मई तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजन स्वामी महेंद्रानंद महाराज जी के नेतृत्व मेंं किया जा रहा है। महायज्ञ को लेकर आज 30 अप्रैल को कलश शोभायात्रा श्री राम जानकी मंदिर, अमरपुर से पवईधाम तक सायं 4 बजे से निकाली जाएगी। महायज्ञ के दौरान वृंदावन धाम से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। वहीं प्रातः कालीन सत्र में नित्य रुद्राभिषेक युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी द्वारा 8 से 11 बजे तक कराया जाएगा। वृंदावन से आए सात वैदिक विद्वानों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का मूलपाठ किया जाएगा।आयोजन समिति के परमाध्यक्ष - मा. अजय विश्नोई जी , आयोजन प्रभारी -बलराम सिंह यादव जी , अध्यक्ष हरकृष्ण पचौरी मुख्य यजमान सर्वेश पटेल यज्ञ यजमान श्याममनोहर पचौरी कार्यवाहक समायोजक विष्णुशंकर पटेल , नवनीत माहेश्वरी ,मीडिया प्रभारी जितेंद्र पचौरी ,रामविनय करसोलिया स्वागताध्यक्ष ठाकुर राकेश सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी,श्री ब्रजेश बादल, महामंत्री आनंदमोहन पहला मंच प्रबंधक मदनमोहन पचौरी , मुकुल पचौरी,गोविंद सिंह ठाकुर,प्रवीण भुरक , कपिल शर्मा, राजेन्द्र श्रोती,राज पचौरी, मनोज पटेल, देवेंद्र सिंह ठाकुर भंडारा प्रभारी मुकेश ठाकुर आयोजन समिति की मीटिंग हुई इन सभी की उपस्थिति में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड को 49.50 करोड़ के राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से मिली सैद्धांतिक मंजूरी


मुंबई- आरएनएस-घरेलू साज-सज्जा (होम डेकोर ) और विभिन्न सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई- 539519) को अपने 49.50 करोड़ रुपए के प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी को यह मंजूरी 27 मार्च 2025 को मिली। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड कंपनी विशेष रूप से कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए इस राइट्स इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का इरादा रखती है। इसके अलावा, फंड का उपयोग व्यवसाय विस्तार और विविधीकरण के लिए नई सहायक या सहयोगी कंपनियों को बनाने या अधिग्रहण करने या उच्च विकास क्षमता वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इस डेवलपमेंट पर सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत ब्रह्मभट्ट ने कहा कि राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त करना वास्तव में हमारे लिए एक माइलस्टोन है। हम अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करना जारी रखेंगे और बर्नर मैन्युफैक्चरिंग में नवाचार को बढ़ावा देंगे। इस इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग रणनीतिक रूप से हमारी कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा और संभावित सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा।

# रेमेडियम लाइफकेयर- हमारे राइट्स इश्यू के साथ फार्मा की लहर पर सवार हों!

मुंबई-आरएनएस - रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई- 539561) ने अपने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से मंजूरी मिल गई है। यह रणनीतिक पहल कंपनी की एक एकीकृत, शोध-संचालित फार्मास्युटिकल लीडर बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राइट्स इश्यू 30 अप्रैल, 2025 को खुलेगा और 14 मई, 2025 को बंद होगा। यह पूंजी जुटाना रेमेडियम के हाल ही में एक प्रमुख यूके-आधारित फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ ?182.7 करोड़ के समझौते के बाद हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश, उच्च मूल्य वाली दवा मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने, शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इस विकास पर बोलते हुए, रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री आदर्श मुंजाल ने टिप्पणी की- यह राइट्स इश्यू वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, नवाचार-आधारित दवा कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पूंजी निवेश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगा, जिसमें यूरोप और एशिया पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि यह निवेशकों को निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्ताव की सदस्यता लेने और संभावित रूप से आकर्षक कीमत पर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है। आय का एक बड़ा हिस्सा केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) विकारों, चयापचय स्थितियों और ऑन्कोलॉजी में विशेषज्ञता वाली उन्नत अनुसंधान प्रयोगशालाओं की स्थापना की ओर निर्देशित किया जाएगा - दुनिया भर में तीन सबसे महत्वपूर्ण और उच्च मांग वाले चिकित्सीय खंड। पूंजी जुटाने से पूर्व भुगतान में भी मदद मिलेगी, जिससे वित्तीय लचीलापन बेहतर होगा। यह पहल न केवल रेमेडियम लाइफकेयर की परिचालन और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाती है, बल्कि एक विश्वसनीय दवा निर्माण और आपूर्ति श्रृंखला केंद्र के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का भी समर्थन करती है। उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे और अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास में निरंतर निवेश के माध्यम से, कंपनी राष्ट्रीय 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ जुड़ी हुई है, जबकि रोजगार सृजन और सतत क्षेत्रीय विकास में योगदान दे रही है। एक मजबूत विकास रणनीति, मजबूत वैश्विक साझेदारी और एक विस्तारित नवाचार पाइपलाइन द्वारा समर्थित, रेमेडियम लाइफकेयर भारत के तेजी से बढ़ते फार्मास्युटिकल और हेल्थकेयर परिदृश्य में दीर्घकालिक मूल्य की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर के रूप में अच्छी तरह से स्थित है।


### सीएमएफ बाय नथिंग ने लॉन्च किए सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स2, बड्स 2 प्लस, और बड्स 2ए

**नथिंग के सब-ब्राण्ड ने तीन तरह के ईयरबड्स के अलावा सैकण्ड-जनरेशन स्मार्टफोन का अनावरण किया**



(दिल्ली आरएनएस)-लंदन आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्राण्ड सीएमएफ ने आज चार नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं- सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स 2, बड्स 2 प्लस, बड्स 2ए। नथिंग साल की शानदार शुरूआत को जारी रखे हुए है। काउंटरपॉइन्ट रीसर्च क्त1 2025 इंडिया स्मार्टफोन शिपमेन्ट रिपोर्ट के अनुसार ब्राण्ड को इस तिमाही सबसे तेज़ी से विकसित होते स्मार्टफोन ब्राण्ड का दर्जा दिया गया है, जिसने 156 फीसदी सालाना की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। लगातार पांचवी तिमाही के लिए नथिंग ने सबसे तेज़ी से विकसित होते ब्राण्ड के रूप में अपनी स्थिति को बरक़रार रखा है। नथिंग पिछली तिमाही के दौरान भारतीय बाज़ार में इस उपलब्धि को हासिल करने वाला एकमात्र ब्राण्ड बन गया है।

सीएमएफ फोन 2 प्रो सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ थ्री-कैमरा सिस्टम, चमकदार डिस्प्ले और प्रीमियम डिज़ाइन से युक्त सीएमएफ फोन प्रो रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए बेहतरीन स्मार्टफोन है। 7.8 एमएम की मोटाई और मात्र 185 ग्राम वज़न के साथ यह नथिंग द्वारा डिज़ाइन किया गया अब तक का सबसे स्लिम और सबसे लाईटवेट स्मार्टफोन है। सीएमएफ फोन 1



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी अधारताल प्रवीण कुमार कुमरे ने बताया कि रात्रि में दौरान पैट्रोलिंग के वृंदावन गार्डन के सामने वाली गली में व्यक्ति जो अपने हाथ में नीले रंग का तांत का थैला लिये था एक अन्य व्यक्ति के साथ खडा था दोनों पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ पर थैला लिये व्यक्ति ने अपना नाम संजय यादव उम्र 35 वर्ष तथा दूसरे ने प्रफुल्ल पटैल उम्र 31 वर्ष दोनों निवासी पटैल नगर महाराजपुर अधारताल बताये तलाशी लेने पर संजय यादव के हाथ में रखे थैले में 50 नग फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन एवं 50 नग बुप्रेनोरफिन नामक प्रतिबंधित इंजेक्शन रखे

# संस्कारधानी में ऐसे तीन बच्चों की हुई पहचान, मां भारतीय, पिता पाकिस्तानी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने राज्यों में उन लोगों की पहचान करें जो किसी न किसी रूप में पाकिस्तान से संबंध रखते हैं, विशेषकर ऐसे लोग जो पाकिस्तान के नागरिक हैं या जिनकी नागरिकता संदिग्ध है।

भारत सरकार के निर्देशों के पालन में मध्यप्रदेश में भी राज्य प्रशासन सक्रिय हो गया है। जबलपुर में इस सिलसिले में एक गहन जांच अभियान चलाया गया, जिसकी जानकारी आज जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मीडिया को दी।



कलेक्टर सक्सेना ने बताया कि जांच के दौरान जबलपुर जिले में ऐसे तीन बच्चों की पहचान की गई है जो वर्तमान में शहर में रह रहे हैं। इन बच्चों की माताएं भारतीय नागरिक हैं जबकि उनके पिता पाकिस्तानी नागरिक हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ये बच्चे बिना स्पष्ट नागरिकता के भारत में रह रहे हैं।

प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार से मार्गदर्शन मांगा है कि इन बच्चों के भविष्य, कानूनी स्थिति और उनकी नागरिकता को लेकर क्या निर्णय लिया जाए। फिलहाल बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और उनकी पृष्ठभूमि की गहन जांच की जा रही है।

**देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं**

पहलगोम हमले के बाद केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है—देश की सुरक्षा के मुद्दे पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सीमा पार से हो रही गतिविधियों और संदिग्ध नागरिकों की उपस्थिति को लेकर सरकार बेहद सतर्क हो गई है। ऐसे में पाकिस्तानी नागरिकों या उनके संबंधियों की पहचान और उनकी स्थिति का मूल्यांकन सरकार की प्राथमिकता बन चुका है।

**स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में**

जबलपुर प्रशासन ने साफ किया है कि जो भी विदेशी नागरिक या संदिग्ध लोग यहां रह रहे हैं, उन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर प्रत्येक पहलू की जांच की जा रही है। ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई को लेकर भी प्रक्रिया निर्धारित की जा रही है।

**अंतिम निर्णय राज्य सरकार के मार्गदर्शन पर निर्भर**

फिलहाल इन तीन बच्चों के भविष्य को लेकर प्रशासन ने राज्य सरकार से मार्गदर्शन मांगा है। जब तक उच्च स्तर से दिशा-निर्देश नहीं मिलते, तब तक स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए रखेगा।

# सब्जी बेचकर घर लौट रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार ने कुचला, मौत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ललित कॉलोनी में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार में दौड़ती एक कार ने 62 वर्षीय बुजुर्ग सब्जी विक्रेता को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। यह पूरी घटना एक नजदीकी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मृतक की पहचान कालीचरण श्रीपाल निवासी लाल माटी सिद्ध बाबा बिहारी मोहल्ला के रूप में हुई है। सोमवार सुबह करीब 11ः30 बजे वे रोज की तरह सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहे थे, तभी कार क्रमांक ऋ्क 20 ंत्र 7912 ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार एक मकान में जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस कार से हादसा हुआ, उस पर पुलिस लिखा हुआ था और कार में सवार लोग शराब के नशे में थे। घटना के वक्त कार में चार लोग मौजूद थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## 125 रुपए के रसगुल्ले और गुटखा ले उड़ा चोर, एफआईआर दर्ज

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। सिहोरा क्षेत्र से एक अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है। यहां एक बेकरी शॉप से मात्र 125 रुपए के रसगुल्ले और 40 रुपए के गुटखे के दो पाउच चोरी हो गए। कुल मिलाकर 165 रुपए की इस चोरी की एफआईआर सिहोरा थाने में दर्ज की गई है।

**सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा**

दुकानदार देवकरण को चोरी की भनक चार दिन बाद गत दिवस तब लगी जब वह किसी अन्य काम के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे थे। फुटेज में एक स्कूटी सवार युवक दुकान से रसगुल्ला और गुटखा चुराते हुए नजर आया। युवक ने मुंह पर कपड़ा बांधा था और उसके साथ आया दूसरा साथी दुकान के साइड में खड़ा था।

**सोते दुकानदार का उठा लिया फायदा**

चोरी के वक्त दुकानदार दुकान में ही सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी युवक ने काउंटर के पास रखा रसगुल्ले का डिब्बा और दो पाउच गुटखा चुरा लिए।

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर एएसपी ने दिए जांच के निर्देश**

दुकानदार ने जब यह सब देखा, तो सीसीटीवी फुटेज को सबूत के तौर पर लेकर सिहोरा थाने पहुंचा और एफआईआर दर्ज कराई। ड्यूटी अफसर ने बिना देरी किए केस दर्ज किया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि नए कानूनों के अनुसार 5 हजार रुपए से कम की चोरी असंज्ञेय अपराध की श्रेणी में आती है, इसलिए मामले में उचित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए।

**दिनदहाड़े हुई चोरी, कार्रवाई जरूरी - दुकानदार**

दुकानदार देवकरण का कहना है कि उनकी दुकान में दिनदहाड़े चोरी की गई, ऐसे में एफआईआर दर्ज कराना जरूरी था। चोरी छोटी है, पर इससे चोरों के हौसले न बढ़ें, इसलिए कानून का सहारा लिया है।

## कोतवाली क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने व्यापारियों संग पुलिस अधीक्षक ने की बैठक, लिए गए अहम निर्णय

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कोतवाली क्षेत्र के मुख्य बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुविधाजनक बनाने के लिए आज पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बैठक की। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी सहित यातायात और कोतवाली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सराफा एसोसिएशन, गल्ला तिलहन निवाड़गंज व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।



बैठक में मुख्य रूप से सराफा, निवाड़गंज, मिलौनीगंज, बड़ा फुहारा और कोतवाली क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्याओं पर चर्चा हुई। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए व्यापारियों और पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य एवं सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सराफा एसोसिएशन द्वारा अपने क्षेत्र में 12 सीसीटीवी कैमरे और निवाड़गंज व्यापारी संघ द्वारा अपने क्षेत्र में 6 सीसीटीवी कैमरे लगाने का आश्वासन दिया गया। सभी व्यापारियों से दुकानों के बाहर उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाने की भी अपील की गई।

मुख्य मार्ग पर वन-वे व्यवस्था लागू

बैठक में तय किया गया कि कमानिया गेट से बड़ा फुहारा होते हुए मिलौनीगंज तक के मुख्य मार्ग को वन-वे घोषित किया जाएगा। इस मार्ग पर केवल तीन और चार पहिया वाहनों को बड़ा फुहारा से मिलौनीगंज की ओर जाने की अनुमति होगी, जबकि विपरीत दिशा से वाहन प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। वन-वे मार्ग पर तीन और चार पहिया वाहनों की पार्किंग भी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। व्यापारी अपने मालवाहक वाहन (तीन और चार पहिया) दोपहर 12 बजे से पहले और रात 10 बजे के बाद ही नियत मार्ग से ला सकेंगे।

संगठित पार्किंग की व्यवस्था

व्यापारीगण एवं उनके कर्मचारियों के वाहनों के लिए श्रीनाथ की तलैया, तिलक भूमि तलैया, गुरंदी पार्किंग स्थल, सुपर मार्केट पुराना बस स्टैंड और चरहाई पार्किंग स्थल को निर्धारित किया गया है।

## दो तस्कर गिरफ्तार भारी मात्रा में अंग्रेजी देशी और कच्ची शराब जब्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कटंगी और थाना घमापुर पुलिस ने अलग.अलग कार्रवाई में दो आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 194 पाव अंग्रेजी शराबए 150 पाव देशी शराबए 60 लीटर कच्ची शराब और एक शिफ्ट कार जब्त की है। कटंगी थाना प्रभारी श्रीमती पूजा उपाध्याय ने जानकारी दी कि विश?वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की शिफ्ट कार ;क्रमांक क्स् 6 ब्स् 6606द्ध में अवैध शराब परिवहन कर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर मेन रोड कटंगी में बालदुकान के पास नाकाबंदी कर कार को रोका गया। चालक ने अपना नाम आयुष विश्वकर्मा ;24 वर्षद्धए निवासी विक्टोरिया के पासए बड़ी ओमती बताया। तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट पर रखे 7 कार्टून से 8 पीएमए बैगपाइपर और बॉम्बे स्पेशल ब्रांड की कुल 194 पाव अंग्रेजी शराब तथा 150 पाव देशी शराब बरामद की गई। शराब की अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये आंकी गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34;2द्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



**क्रिकेट खेलते समय आरक्षक को आया दिल का दौरा**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हाल के वर्षों में युवाओं में खेल या व्यायाम के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। रविवार रात क्रिकेट खेलते समय लार्डगंज थाने में पदस्थ आरक्षक सौरभ शुक्ला (28) की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में चिकित्सकों ने कार्डियक अरेस्ट से मौत की आशंका जताई है।

## सट्टा खिलाते दो सटोरिये भाई गिरफ्तार 23 हजार नगद व चार मोबाइल जप्त

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। ओमती थाना क्षेत्र में क्रिकेट सट्टा चला रहे दो सटोरिये भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 23 हजार रुपये नगदए चार मोबाइल फोन और सट्टा पर्चियां जप्त की गई हैं। थाना प्रभारी ओमती राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिविक सेंटर के पास जबलपुर क्लब के बाहर एक अधेड़ व्यक्ति मोबाइल से सट्टा खिलाकर अवैध रूप से धन कमा रहा है। सूचना पर ओमती थाना एवं पुलिस लाइन की संयुक्त टीम ने दबिश दीए जहां मुखबिर के बताए हुलिये का व्यक्ति मोबाइल फोन लिए खड़ा मिला। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान संजय अग्रवाल ;58 वर्षद्धए निवासी गली नंबर 7 सदरए थाना केंट के रूप में हुई। मोबाइल चेक करने पर उसमें व्हाट्सएप चैट और कॉल पर सट्टा खिलाने के प्रमाण मिले। उसके पास से एक सैमसंग एंड्रॉइड फोनए एक लावा कीपैड मोबाइल और 23 हजार रुपये नगद बरामद किए गए। पूछताछ में संजय ने सट्टा कारोबार में अपने भाई सुनील अग्रवाल ;62 वर्षद्ध की संलिप्तता कबूली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सदर गली नंबर 7 स्थित उसके घर के बाहर दबिश दीए जहां वह भीड़ के बीच सट्टा खिलाते मिला।

**ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स जबलपुर द्वारा मैंगो फूड मेनिया प्रतियोगिता एवं स्वच्छता ,जागरूकता अभियान के तहत डस्टबिन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया**



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स जबलपुर द्वारा मैंगो फूड मेनिया प्रतियोगिता एवं स्वच्छता ,जागरूकता अभियान के तहत डस्टबिन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम येलो थीम पर आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की रेसिपी आम से बनी हुई मेंबर्स ने बनाई जो की बहुत ही स्वादिष्ट थी जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती विद्या जैन द्वितीय स्थान श्रीमती कोमल गर्ग एवं तृतीय स्थान में श्रीमती कंचन रही कार्यक्रम का जजमेंट एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्रीमती मंगला सिंघई जी एडिशनल कैबिनेट सेक्रेटरी श्रीमती श्रद्धा साहू जी एवं श्रीमती शालिनी जी ने किया नए मेंबर श्रीमती रोमा जैन का स्वागत किया गया कार्यक्रम का आयोजन कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्पिता ओसवाल अध्यक्ष मौली जैन द्वारा किया गया जिसमें विशेष उपस्थिति श्रीमती अरुणा विश्वकर्मा जी की रही

**शरीर पर गर्म दूध डालकर घायल करने वाले आरोपी की तलाश**

जबलपुर। थाना गोसलपुर में उमाशंकर केरी उम्र 28 वर्ष निवासी हृदयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है रात लगभग 9 बजे वह राजेश काछी के चाय पान टपरा में गुटका लगवाने के लिये गया तथा राजेश काछी से गुटका लगाने के लिये कहा तो राजेश काछी बिना किसी बात के जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो राजेश काछी ने गर्म दूध डाल दिया जिससे गले में जल गया है राजेश काछी बोला दुबारा मेरी दुकान आया तो जान से खत्म कर दूंगा। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2), बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )**

**चतुर्थ निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_ 419963_1 PRO- 79 Date-28/04/2025 | संभाग क्रं.02 कछपुरा अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड में इमलीघाट मंदिर से लडिया मोहल्ला तिराहे तक सी.सी.सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह<br>23.56 लाख | 5000/-<br>17670/- | 15.05.2025 |
| 2 | Tender ID 2025_UAD_ 419963_2 PRO- 79 Date-28/04/2025 | संभाग क्रं.02 कछपुरा अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड अंतर्गत आजाद नगर में रंगमंच निर्माण कार्य। | 03 माह<br>4..23 लाख | 2000/-<br>4240/- | 08.05.2025 |

**नोटः** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/16 जबलपुर दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रानू चौरसिया, पति- श्री हर्षित चौरसिया** ने खसरा नं. 35/3 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1004540130, क्षेत्रफल 1050 व.फु., भूतल 696 व.फु., प्रथमतल 735 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/23/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री निखिल जायसवाल, पिता- श्री कृष्ण कुमार जायसवाल, द्वारा गीत बिहार के** भवन क्रं. 2691/24 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** भूतल 1052 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 2691/24 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती गोपदमा पनिहार के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/20/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री जय कुमार आहूजा, पिता- श्री मुरलीधर आहूजा एवं श्री मुरलीधर आहूजा, पिता- स्व. श्री दयालदास** भवन क्रं. 1801 **वार्ड गिरिराज किशोर कपूर वार्ड ,** प्लाट 1050 व.फु., भूतल 875 व.फु., प्रथमतल 715 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 1801 **वार्ड गिरिराज किशोर कपूर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री भगवंत सिंह बघेल, पिता- स्व. श्री शीतल सिंह के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/19/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विश्लेश डंबेरकर, पिता- स्व. श्री विनायक डंबेरकर, द्वारा सैनिक सोसायटी के** भवन क्रं. 851/पी 306 **वार्ड गुलाब सिंह वार्ड ,** प्लाट 1500 व.फु., भूतल 900 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 851/पी 306 **वार्ड गुलाब सिंह वार्ड** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती माधुरी डम्बेडकर, पति श्री विनायक डम्बेडकर के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/18/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कृष्णा अहिरवार, पति- स्व. श्री गुलाब सिंह अहिरवार एवं मोनिका सिंह, पिता- स्व. श्री गुलाब सिंह, द्वारा हंसिका सिटी के पास के** भवन क्रं. खसरा नं. 16/3/1 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** प्लाट 653 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. खसरा नं. 16/3/1 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती पूजा गर्ग, पति श्री संजीव राज गर्ग के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/17/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सिद्दीक पटैल, पिता- श्री बशीर पटैल एवं श्रीमती शाहीन अहमद, पति- श्री सिद्दीक पटैल, द्वारा नेशनल कॉलोनी के** भवन क्रं. 2778/1 **वार्ड गिरिराज किशोर कपूर वार्ड ,** प्रथमतल 550 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 2778/1 **वार्ड गिरिराज किशोर कपूर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री प्रिशीपाल सिंह मथारू, पिता- श्री जी.एस. मथारू, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/16/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री डाकेश्वर कुमार बरमैया, पिता- श्री नोहर लाल एवं श्रीमती गरिमा बरमैया, पति श्री डाकेश्वर कुमार, द्वारा जय भीम नगर के** भवन क्रं. 243-ए **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** प्लाट 700 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 243-ए **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती कमला उरमलिया, पति श्री आर.एन. उरमलिया के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/21/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रीता यादव, पति- श्री सुभाष यादव, द्वारा बत्तरा एनक्लेव के** भवन क्रं.खसरा नं. 7/3 का भाग **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** प्लाट 1200 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं.खसरा नं. 7/3 का भाग **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री अशोक कुमार बत्तरा, पिता श्री चेतन स्वरूप के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/22/ दिनांक 29.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेन्द्र सुराणा, श्री भूषण सुराणा एवं श्री सोमित सुराणा, द्वारा ओसवाल कॉलोनी के** भवन क्रं. प्लॉट नं. 19 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** प्लाट 1250 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. प्लॉट नं. 19 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती राजकुमारी चतुर्वेदी, पति- श्री वीर भानू सिंह के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999